हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 फरवरी 2026



## भुइयां चैटबाट: वाट्सएप पर घर बैठे मिलेगी राजस्व विभाग की सेवाएं


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ में राजस्व विभाग के कामकाज में अब एक नए डिजिटल युग की शुरूआत हो गई है। राज्य के लोगों को राजस्व विभाग से संबंधित सेवाएं भुइयां वाट्सएप चैटबॉट से घर बैठे मोबाइल पर ही मिल सकेगी। यही नहीं अब जमीनों के डायवर्सन के लिए एसडीएम दफ्तर के चक्कर भी नहीं लगाने होंगे। यह काम ऑटोमेटिक सिस्टम से होगा। डायवर्सन के लिए ऑनलाइन आवेदन के बाद 15 दिनों में यह काम अफसर को करना होगा, नहीं करने पर ऑटोमेटिक तरीके से डायवर्सन हो जाएगा। दस्तावेज घर पर ही मिलेगा।

### तहसीलों के नहीं काटने पड़ेंगे अब चक्कर, डिजिटल तरीके से होगा काम

#### अब घर बैठे जमीन का डायवर्सन

अब नागरिक बिना किसी कागजी कार्रवाई और कार्यालय के चक्कर लगाए अपने भूमि उपयोग परिवर्तन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पोर्टल पर भूमि चयन से लेकर प्रीमियम एवं शुल्क की गणना तक की पूरी प्रक्रिया स्वचालित और सहज होगी। भुगतान के लिए ई-चालान की सुविधा उपलब्ध है। जिससे भुगतान प्रक्रिया तेज और सुरक्षित होगी। नागरिक हित में सुरक्षा प्रावधान के तहत यदि नागरिक द्वारा गणना की गई राशि वास्तविक देय राशि से कम पाई जाती है, तो सक्षम अधिकारी द्वारा सूचना दी जाएगी।



#### निर्णय नहीं, स्वतः जारी होगा प्रमाण पत्र

आवेदन के साथ छह आवश्यक दस्तावेजों का अपलोड अनिवार्य है, जो प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करते हैं। प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता, आवेदन जमा होते ही वह स्वचालित रूप से संबंधित सक्षम अधिकारी के पास परीक्षण के लिए भेजा जाएगा। सक्षम अधिकारी को 15 दिनों में जाएगा। सक्षम अधिकारी को 15 दिनों के भीतर आवेदन पर निर्णय लेना अनिवार्य होगा। जिससे प्रक्रिया में तेजी आएगी। यदि निर्धारित समय में कोई निर्णय नहीं होता है, तो नागरिक को डिम्ड डायवर्सन प्रमाण पत्र स्वतः जारी कर दिया जाएगा।

इस अभिनव डिजिटल सेवा के माध्यम से अब छत्तीसगढ़ के नागरिक अपने मोबाइल फोन पर ही विभिन्न राजस्व सेवाओं की जानकारी सरलता से प्राप्त कर सकेंगे। इस सेवा का उपयोग करने के लिए नागरिक 7289056060 नंबर को अपने मोबाइल में सेव कर वाट्सएप पर संदेश भेज सकते हैं। चैटबाट तुरंत आवश्यक जानकारी और सेवाएं उपलब्ध कराएगा।इस सुविधा के माध्यम से ये जमीन संबंधी जानकारी, राजस्व न्यायालय से संबंधित जानकारी, मोबाइल नंबर जोड़ने हेतु सुविधा, आधार नंबर जोड़ने हेतु ऑनलाइन आवेदन, किसान किताब हेतु आवेदन और नामांतरण हेतु आवेदन किए जा सकेंगे।

### खबर संक्षेप

#### बच्चों को आत्म सुरक्षा की दी जानकारी



**राजनांदगांव।** रक्षा टीम द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला पुराना ढाबा के स्कूली बच्चों को सेफ-अनसेफ टच व आत्म-सुरक्षा की, जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में 10 फरवरी को शासकीय प्राथमिक शाला पुराना ढाबा, राजनांदगांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रक्षा टीम, स्टॉप महिला इकाई की महिला आरक्षक रीनू मेश्राम, कौशिल्या साहू, आरक्षक अमित जाटवर एवं आरक्षक वाहन चालक शेषनारायण सिंहा द्वारा कक्षा 1वीं से 5वीं तक के छात्र-छात्राओं को सेफ टच एवं अनसेफ टच, स्वयं की सुरक्षा, नशे से दूर रहने तथा मोबाइल के दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही विद्यालय के शिक्षक स्टाफ को अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कर उसके उपयोग के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में लगभग 39 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

### मांय एंगल




### तीन सौ रुपए तक बढ़े दामों से किसानों में नाराजगी

## खेती में मंहगाई का असर, एनपीके और पोटाश खाद के दामों में बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पहले खाद का संकट अब खाद के बढ़ते दामों की वजह से किसानों की परेशानी बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। बाजार में खाद के दामों में 180 रुपए से 300 रुपए तक बढ़ोत्तरी हुई है। एनपीके खाद की कीमत 1720 रुपए से बढ़कर अब 1900 रुपए प्रति बोरी हो गई है। वहीं पोटाश अब 1500 रुपए से बढ़कर 1800 रुपए हो गए हैं। खरीफ सीजन शुरू होने से पहले किसानों को खाद की महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। बाजार में यूरिया, डीएपी, पोटाश की भरपूर आवक है, लेकिन दामों में बढ़ोततरी के चलते खाद की बिक्री पर भी असर दिखाई दे रहा है।

बाजार में यूरिया 266 रुपए और डीएपी 1350 रुपए प्रति बोरी की दर से बिक रही है। बताया जा रहा है कि एनपीके खाद की कीमत में बीते दो वर्ष में ही लगभग 430 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। वहीं पोटाश भी लगभग 300 रुपए महंगी हुई है।



#### खुले बाजार में मुनाफाखोरी

खाद के बढ़े दामों का असर खेती की लागत राशि में पड़ेगा। किसानों का कहना है कि बीते तीन-चार वर्षो से लगातार खाद के दाम बढ़ाया जा रहा है। जिससे किसानी कार्य में काफी लागत आ रही है। सीजन के बीच खाद की कमी हो जाती है। जिसके चलते बाजार से बढ़े हुए दामों से अधिक पर खाद लेना पड़ता। सोसाइटी में खाद की उपलब्धता नहीं होने से खुले बाजार में मुनाफाखोरी करने वाले मुस्तैद हो जाते हैं। जिससे यूरिया लगभग 5-6 सौ और डीएपी 14-15 सौ रुपए में लेना पड़ता है।

#### तीन वर्ष में ही काफी बढ़े दाम

लगभग तीन वर्षों में ही खाद के दाम काफी बढ़ गए हैं। एनपीके वर्ष 2024 में 1470 रुपए से अब 1900 तक पहुंच गया है। वहीं पोटाश वर्ष 2024 में 1500 रुपए दाम से बढ़कर वर्तमान में 1800 रुपए हो गया। बताया जा रहा है कि इस वर्ष यूरिया के दाम में बढ़ोतरी नहीं की गई है। किसानों को यूरिया सोसायटी में करीब 266 रुपए प्रति बोरी मिलेगा। किसान सबसे अधिक यूरिया और डीएपी का ही उपयोग करते हैं।

#### 33500 मैट्रिक टन का लक्ष्य

आगामी खरीफ वर्ष 2026 हेतु 33500 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य अंतर्गत यूरिया 14000 मीट्रिक टन, डीएपी 9000 मीट्रिक टन, एनपीके 6000 मीट्रिक टन, एमओपी 1700 मीट्रिक टन तथा एसएसपी 2800 मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है। सभी सहकारी समितियों में भण्डारण एवं समितियों से कृषकों को आपूर्ति सुनिश्चित करने की तैयारियां भी शुरू हो गयी है।

#### सोसाईटियों से खाद का उठाव शुरू

1 फरवरी से सभी सहकारी समितियों में उर्वरकों का अग्रिम भण्डारण प्रारंभ हो चुका है। राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत भानपुरी, पदुमतरा एवं पटेवा समिति, डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत लालबहादुर नगर, बागरेकसा, पनियाजोब एवं ठाकुरटोला समिति, छुरिया विकासखंड अंतर्गत गहिराभेड़ी, सड़क चिरचारी, साल्हेटोला एवं बम्हनी चारभांठा समिति में उर्वरकों के अग्रिम भण्डारण का कार्य किया जा चुका है। साथ ही अन्य समितियों द्वारा भी अग्रिम भण्डारण हेतु उर्वरकवार आरओ जारी किया जा रहा है। किसानों को राहत प्रदान करने के लिए 1 फरवरी से 31 मई 2026 तक अग्रिम रूप से उठाए गये रासायनिक उर्वरकों पर सहकारी समितियों द्वारा कृषकों से किसी भी प्रकार का ब्याज अधिभारित नहीं किया जाएगा।

## 14 साल बाद दिग्विजय स्टेडियम को मिला सचिव, रमेश मनोनित

### योगेश बागड़ी को सह सचिव का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव





राजनांदगाँव की विरासत से जुड़े हुए दिग्विजय स्टेडियम को 14 साल बाद एक बार फिर से नया सचिव मिल गया है। जिला प्रशासन ने भाजपा नेता रमेश पटेल को सचिव एवं योगेश बागड़ी को सह सचिव मनोनीत किया है। ज्ञात हो इससे पहले 2012 में सचिव रहे कुतबुद्दीन सोलंकी को हटाने के बाद यह पहली नियुक्ति है।

उल्लेखनीय है की राजनांदगाँव शहर की दृष्टिकोण से दिग्विजय स्टेडियम समिति का अत्यधिक महत्व रहा है। स्टेडियम समित खेल गतिविधियों को संचालित करने तक सीमित नहीं रहती है, यहीं कारण रहा है कि इस समिति का सचिव बनना महत्वूर्ण माना जाता रहा है। अब से पहले इस पद को लेकर चुनावी प्रक्रिया होती रही है लेकिन इस बार जिला प्रशासन ने सचिव के लिए पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल का मनोनयन किया है। वहीं सह सचिव पद पर क्रिकेट संघ से जुड़े उपाध्यक्ष योगेश बागड़ी का चयन किया गया है।

#### विवाद के कारण भंग हुई थी समिति

2012 में दुकान आबंटन को लेकर छिड़े विवाद के कारण ही स्टेडियम समिति को भंग कर यहां प्रशासक के तौर पर कलेक्टर को नियुक्त किया गया था। पिछले लंबे समय से शहर के किसी भी खिलाड़ी को सचिव बनाए जाने की मांग की जा रही थी। पिछले दिनों खेल संगठनो ने विस अध्यक्ष डा. रमन सिंह से मुलाकात कर सचिव नियुक्त करने की मांग की थी। बताया जाता है कि विस अध्यक्ष के निर्देश पर प्रशासन ने आज दो नेताओं की ताजपोशी की है।

#### सदस्यता अभियान शुरू होने की भी चर्चा

महंत राजा दिग्विजय दास स्टेडियम में नेताओं की ताजपोशी के बाद अब सालों से अटकी खेल संगठनो की सदस्यता अभियान के भी शुरू होने की मांग तेज हो गयी है। उल्लेखनीय है कि स्टेडियम का संचालन अभी तक प्रशासनिक अफसरो द्वारा किया जा रहा था। शहर के किसी भी खेल संगठनो के प्रतिनिधियों को अभी तक शामिल नहीं किया गया है। इस बीच भाजपा नेता रमेश पटेल और योगेश बागड़ी की ताजपोशी होने के बाद अब खेल संगठनो की उम्मीदें एक बार फिर बढ़ गयी है। खेल संगठनो से जुड़े प्रतिनिधियो ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि स्टेडियम के संचालन के लिए सभी खेल संगठनो के प्रतिनिधियो को जोड़ा जाना चाहिए। गौरतलब है कि पहले भी खेल संगठनो और सेवाभावी संस्थाओं के प्रतिनिधियो को बतौर सदस्य मनोनित किया गया था।

## सरकारी खरीदी के दौरान महाराष्ट्र से धान की तस्करी, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दिगर राज्य से अवैध रूप से छ राज्य के समितियों में धान खपाने हेतु परिवहन करने वाले 3 आरोपी को गिरफ्तार कर चिचोला पुलिस ने कार्रवाई की है।

छत्तीसगढ़ राज्य शासन के आदेशानुसार दिगर राज्य से छत्तीसगढ़ राज्य के समितियों में धान खपाने, बेचने हेतु अवैध रूप से लाभ प्राप्त करने धान परिवहन रोकने हेतु कार्यपालिका दण्डाधिकारी तहसील छुरिया विजय कुमार कोठरी द्वारा टीम बनाकर 14जनवरी को कार्यवाही कर 6 ट्रको से 2170 कट्टा धान जब्त कर पुलिस चौकी चिचोला में अपराध दर्ज कराया गया था।



#### चिचोला पुलिस ने की कार्रवाई

प्रकरण के आरोपी घटना दिनांक से फरार हो गये थे। पुलिस चौकी स्टाफ के द्वारा प्रकरण के फरार आरोपी नीरज सापेकर उर्फ नीरू पिता खेमचंद सापेकर उम्र 33 साल ग्राम जंभूरटोला गोंदिया ;महाराष्ट्र , अरुण दमाहे पिता नोहर लाल दमाहे उम्र 42 साल पता ग्राम मोहनटोला गोंदिया ;महाराष्ट्र ,कृष्ण कुमार डोंगरवार पिता उरकुडा डोगरवार उम्र 35 साल पता ग्राम कुनबीटोला गोंदिया महाराष्ट्र को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय डोंगरगढ़ के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया । पुलिस के अनुसार अन्य आरोपियों का पता तलाश सरगर्मी से जारी है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक योगेश पटेल ,सहायक उपनिरीक्षक विरेन्द्र नाविक सहायक उपनिरीक्षक मो.शरीफुद्दीन शेख , आरक्षक धर्मेन्द्र साहू ,आरक्षक चंद्रशेखर का कार्य सराहनीय रहा है।

## 14 को रद्द रहेगी 6 लोकल ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अंधोसंरचना विकास के कार्यों को पूरा करने रायपुर मंडल के अंतर्गत हथबंद और भाटापारा सेक्शन के बीच रिलीविंग गर्डरों के लॉचिंग का कार्य किया जाएगा। इस वजह से रेलवे प्रशासन ने 14 और 15 फरवरी तक 8 पैसेंजर ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया है, जिसमें रायपुर से बिलासपुर, गेवरा रोड, इतवारी जाने वाली ट्रेन शामिल है। एक साथ दैनिक 9 मेमू ट्रेन के परिचालन प्रभावित होने से हजारों यात्रियों को दिक्कत होगी।

#### यह ट्रेन रहेगी रद्द

14 फरवरी 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर , 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 58203 कोरबा रायपुर पैसेंजर, 58205 रायपुर- नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर रद्द रहेगी। 15 फरवरी को 58206 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) रायपुर पैसेंजर और रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 14 फरवरी 68862 झारसुोंदिया मेमू पैसेंजर को बिलासपुर में ही समाप्त होगी और 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर गोंदिया के स्थान यह गाड़ी बिलासपुर से ही झारसुगुड़ा के लिए रवाना होगी।

## बोर्ड परीक्षा के लिए 16 को सामग्री वितरण, 88 केंद्र में 18 सौ से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बोर्ड परीक्षाओं को लेकर प्रशासनिक स्तर पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अपनी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। लगभग 10 दिनों बाद आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा से पूर्व विभागीय बैठक में परीक्षा के शांतिपूर्ण बेहतर संचालन और नकल रोकने संबंधित मामलों को लेकर बैठक की गई है।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित की जाने वाली हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा आगामी 20 फरवरी से 18 मार्च एवं हाईस्कूल परीक्षा 21 फरवरी से 13 मार्च तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा का समय प्रातः 9 से दोपहर 12.15 बजे तक रहेगा।




#### केंद्र अध्यक्षों को प्रशिक्षण

आज परीक्षा केन्द्राध्यक्षों की बैठक लेकर परीक्षा के संबंध में उन्हें डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बसंतपुर में दोपहर प्रशिक्षण दिया गया। परीक्षा के लिए जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि मनोज चौहान एवं परीक्षा प्रभारी अभिषेक श्रीवास्तव आगामी 14 फारवरी को मंडल द्वारा परीक्षा सामग्री प्राप्त करेंगे।

#### केंन्द्राध्यक्षो की नियुक्ति

प्रशासनिक तैयारी के मद्देनजर जिले में मंडल परीक्षा हेतु कुल 88 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें 87 शासकीय एवं 01 अशासकीय संस्था को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षा के संचालन हेतु केन्द्राध्यक्षों की नियुक्ति की जा चुकी है।

#### उड़नदस्ता टीम का गठन

आगामी 16 फरवरी को परीक्षा केन्द्राध्यक्षों को गार्ड के साथ स्टेट स्कूल से परीक्षा सामग्री वितरित किया जाएगा। परीक्षा में नकल रोकने हेतु उड़नदस्ता दल का गठन किया जाएगा। बोर्ड परीक्षा के लिए विद्यार्थियों ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। परीक्षा सत्र 2026 में कक्षा 10वीं में कुल 10096 परीक्षार्थी एवं कक्षा 12वीं में 8015 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### दस सूत्रीय मांग को लेकर सात दिवसीय आंदोलन का आगाज

## हड़ताल पर रसोईया, सरकारी स्कूलों की बिगड़ी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर दर पर शीघ्र मानदेय दिये जाने और मध्यान्ह भोजन कर्मचारियों के लिए बजट में 50 प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी की मांग को लेकर मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ ने 11 से 17 फरवरी तक सात दिवसीय हड़ताल की शुरुआत की है। कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए मध्यान्ह भोजन रसोईया संघ ने अपनी आवाज बुलंद की और अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन मजदूर एकता यूनियन के बैनर तले मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ ने अपनी हड़ताल शुरू की। आंदोलन कर रही रसोईया बैसाखी सिन्हा सहित अन्य महिलाओं ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग में प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य करने वाली रसोइया एवं सहायिकाओं को 2 हजार रुपये मानदेय दिया जाता है। जिससे घर खर्च चलाना मुश्किल है। राज्य सरकार से किए गए वादे को पूरा करने मांग की है ।

#### हड़ताल के माध्यम से रखी दस सूत्रीय मांगें

पंजाब सरकार की तरह ही यहां भी रसोइया एवं सहायिकाओं को 12 माह का मानदेय देने, रसोइया एवं सहायिकाओं को 60 वर्ष के उपरांत 2 लाख रुपये सम्मान राशि देने, समस्त रसोईया एवं सहायिकाओं को एक वर्ष में 2 जोड़ी वर्दी दिये जाने, सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में व्यवस्थित रसोई घर, स्वच्छ जल एवं प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था करने, कार्य के दौरान घायल होने की दशा में 50 हजार रुपये और मृत्यु होने की दशा में 5 लाख रुपये देने सहित अपनी अन्य मांग रखी है।



#### महिला समूह ने बनाया भोजन

हड़ताल के पहले दिन कई स्कूलों में रसोईया कि नहीं पहुंचने के चलते मध्यान भोजन की व्यवस्था बिगड़ी हुई दिखाई दी। यहां पर महिला समूह के द्वारा भोजन बनाया गया। कुछ स्कूलो में शिक्षको को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा। बच्चे भी इस हड़ताल के कारण परेशान हुए।

#### बजट सत्र से उम्मीद

मध्यान्ह भोजन रसोईया संघ ने अपनी 10 सूत्रीय मांगो को लेकर हड़ताल के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित कराने नारेबाजी की। मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ ने कहा कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने चुनाव घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के नाम से छत्तीसगढ़ के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के रसोइयों एवं सहायिकाओं के मानदेय में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी करने वादा दिया था, लेकिन अब तक इसपर अमल नहीं किया गया। छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन यूनियन के राज्य अध्यक्ष समीर कुरैशी ने कहा कि आगामी 23 फरवरी से बजट सत्र शुरू हो रहा है। इस बजट सत्र में 50 प्रतिशत मानदेय में बढ़ोतरी की घोषणा और कलेक्टर दर लागू करने की मांग सात दिवसीय हड़ताल के माध्यम से की जा रही।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
• हृदय रोग विशेषज्ञ • DM कार्डियोलॉजिस्ट
• मेडिसिन स्पेशलिस्ट (MD) • शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
• हड्डी रोग विशेषज्ञ • गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी

Dr. Ashna Jabin
MBBS, DNB (Neurosurgery)
Ruby Hall Clinic, Pune (Maharashtra)
Dr. Vaishampayan Memorial Govt. Medical College, Solapur
न्यूरोसर्जन प्रतिदिन उपलब्ध Full Time
न्यूरोसर्जरी विभाग में उपलब्ध सम्पूर्ण सुविधाएँ
अब तक हृदय रोग उपचार में अर्जित उपलब्धियां: एंजियोग्राफी 2900+ | एंजियोप्लास्टी 1000+ | पेसमेकर 100+
BRAIN (दिमाग से संबंधित रोग) OPD Time: 10.30 to 4.30
✓ ब्रेन ट्यूमर ✓ ब्रेन हेमरेज ✓ सिर की गंभीर चोट (Head Injury)
✓ चेहरे में तीव्र दर्द (Trigeminal Neuralgia) ✓ मिर्गी / लकवा
SPINE (रीढ़ की हड्डी से संबंधित रोग)
✓ स्लिप डिस्क, सायटिका ✓ गर्दन एवं कमर दर्द, झुनझुनी
✓ रीढ़ की हड्डी का टीबी ✓ स्पाइनल ट्यूमर ✓ स्पाइनल कॉर्ड इंजरी
Pediatric Neurosurgery (बच्चों की न्यूरो समस्याएँ)
✓ बच्चों के सिर का बड़ा होना / पानी भरना ✓ बच्चों की कमर में गठान
आयुष्मान भारत कार्ड | ESIC / CGHS | राज्य शासन के कर्मचारी एवं आश्रितों के लिए एकमात्र अस्पताल
पुलिस थाना के सामने, चिखली,राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)
24/7 संपर्क नंबर: 07744-299988 | 82699-24365 | 88279-24365

## खबर संक्षेप

### श्याम भजन संध्या का आयोजन



**डोंगरगढ़।** इंदिरा नगर निवासी परिहार परिवार ने एक शाम श्याम प्यारे के नाम खाटू दरबार का भजन कीर्तन का आयोजन किया। श्याम दरबार, ज्योत की स्थापना के साथ पूजा अर्चना कर भजन संध्या की शुरुआत हुई। श्याम के भक्तों ने इस भक्ति संगीत का देर रात तक लुफ्त उठाया। श्याम भक्ति के साथ भगवान श्याम की जयकारे लगे। कार्यक्रम में विनय अग्रवाल, टीनू शर्मा, निखिल, श्याम, संगम सोनी सहित अन्य शामिल हुए।

### भागवत कथा 12 से

**सड़क अतरिया।** चकनार के महावीर चौक में ग्रामीणों के सहयोग से अगामी 12 से 18 फरवरी तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा वाचक सूरज उपाध्याय तथा परायणकर्ता विकेश दुबे होंगे। गुरूवार को कलश यात्रा के बाद वेदी पूजा और कथा का शुभारंभ होगा। आयोजक समिति ने क्षेत्र के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।



### भागवत कथा 15 तक, प्राण प्रतिष्ठा 13 को

**डोंगरगढ़।** नगर में धर्म, भक्ति और आस्था का संगम होने जा रहा है। द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन रखा गया है। यह धार्मिक आयोजन 9 से 15 फरवरी तक होगा। कथा के दौरान श्रीमद् भागवत महात्म्य, प्रह्लाद चरित्र, ध्रुव चरित्र, शिव सती प्रसंग, श्रीकृष्ण लीला, गोवर्धन पूजा, होली उत्सव, कंस वध, रुक्मिणी विवाह सहित अनेक प्रसंगों का वाचन होगा। अंतिम दिन सुदामा चरित्र, व्यास पूजा एवं महाआरती का आयोजन होगा। इसी क्रम में 13 फरवरी को वैदिक विधि-विधान से अन्नाधिवास, जलाधिवास, फलाधिवास एवं शयन अधिवास संपन्न होगा। आगामी 15 फरवरी को रुद्राभिषेक, शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन-पूजन किया जाएगा। यह आयोजन युवा समिति डिपरा पारा एवं महिला समिति वार्ड 23 के संयुक्त तत्वावधान में रखा गया है।

### कनेक्शन काटने का आदेश वापस ले सरकार: सिन्हा

**डोंगरगढ़।** ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने भाजपा सरकार पर किसानों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि धान बोनी के समय किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं दी गई। खाद और बीज का समुचित प्रबंध नहीं किया गया। धान खरीदी के दौरान किसानों को टोकन काटने में देरी सहित अन्य समस्याओं से जूझना पड़ा। अब बिजली विभाग ने बेतुका आदेश जारी किया है जिसमें अस्थायी कनेक्शन लेकर धान, चना, गेहूं, मसूर सहित अन्य फसलें लगाने वाले किसानों के कृषि पंप कनेक्शन को काटने कहा गया है। इस आदेश से किसानों में भारी चिंता और भय का माहौल है। कांग्रेस नेता ने इस आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग की है।

### छात्रों के लिए विशेष क्लास आयोजित



**डोंगरगढ़।** उच्चतर माध्यमिक शाला मुसरा में 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा को ध्यान में रखते हुए कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षा आयोजित की गई। विशेष कक्षा में मुसरा के अलावा मोहारा, बिल्हरी, आलीवारा, रेंगाकठेरा, पारागांवखुर्द, माडीतराई, पलान्दुर व रुवातला के विद्यार्थी शामिल हुए। विशेष कक्षा में अंग्रेजी, गणित, विज्ञान का अध्यापन व्याख्याता हिरेन्द्र परमार, कादम्बरी महेश्वरी, पूनम राजपूत ने कराया। विशेष कक्षा का संचालन प्राचार्य रघुनाथ के मार्गदर्शन में किया गया।

### नशा और मांसाहार से रहे दूर: बघेल




**पटेवा।** ग्राम पटेवा में मेहर समाज द्वारा संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल थी। अध्यक्षता जनपद पंचायत सदस्य ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच लक्ष्मी वर्मा उपस्थित थी।

कार्यक्रम का शुभारंभ रविदास बाबा की शोभायात्रा से हुआ। शोभायात्रा प्रमुख गलियों का भ्रमण करते हुए संत रविदास मंदिर पहुंची। यहां पुरोहित महराज ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना किया। भजन मंडली ने भजन गायन किया।

मुख्य अतिथि श्रीमती बघेल ने कहा कि समाज को आगे लाने में शिक्षा बेहद जरूरी है। नशा एवं मांसाहार से दूर रहकर स्वच्छ समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से बच्चों की शिक्षा और संस्कार पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने मेहर समाज भवन मरम्मत एवं बाउंड्रीवॉल के लिए 10 लाख देने की घोषणा की। सभा को जनपद सदस्य तुलसी साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर दुर्गेश द्विवेदी, पुसऊराम वर्मा, रविलाल वर्मा, सरस्वती मंडावी, ललित साहू, राजकुमार लहरे, दुखुराम मंडावी, परसराम, भुपेंद्र, मनहरण, हरकूराम, संजय मंडावी, मंगलूराम, ईश्वरीराम आदि उपस्थित थे।

## मामला नहीं सुलझा तो सरपंच करेंगे उग्र आंदोलन

# 15वें वित्त की राशि अटकी, सरपंचों ने जड़ा जनपद पंचायत में ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जनपद पंचायत में 15वें वित्त आयोग की राशि रोकने से नाराज सरपंचों का गुस्सा बुधवार को फूट कर सामने आ गया।

दर्जनों सरपंचों ने सामूहिक रूप से जनपद कार्यालय में ताला जड़ दिया, जिससे कामकाज ठप्प हो गया और पूरे परिसर में हड़कंप मच गया। यह विरोध ग्राम पंचायतों के ठप्प विकास कार्यों और बार बार अनसुनी के खिलाफ था। आक्रोशित सरपंचों का कहना है कि लंबे समय से राशि जारी नहीं होने के कारण सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता और बुनियादी कार्य पूरी तरह अटक गए हैं। कई ग्राम पंचायतों में योजनाएं कागजों तक सीमित हो गई हैं।



### आंदोलन तेज करने की चेतावनी

सरपंचों ने साफ चेतावनी दी है कि जल्द 15वें वित्त की राशि जारी नहीं की गई तो वह आंदोलन को और तेज करेंगे। सभी शासकीय कार्यों का बहिष्कार किया जाएगा।

### केवल आश्वासन

सरपंचों ने बताया कि राशि आबंटन को लेकर केवल आश्वासन मिल रहा है। जनपद कार्यालय में ताला जड़ने के बाद करीब 60 से 70 सरपंच एकजुट होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने एसडीएम एम. भार्गव से मुलाकात कर अपनी मांगें रखीं। एसडीएम कक्ष में सरपंचों और प्रशासन के बीच बैठक में गतिरोध तोड़ने और समाधान निकालने पर चर्चा की गई। स्थिति को देखते हुए एसडीएम कार्यालय परिसर में पुलिस बल तैनात किया गया है, हालांकि प्रदर्शन अब तक शांतिपूर्ण बना हुआ है।

# सड़क व पुलिया के लिए किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

क्षेत्र की जर्जर सड़कों और वर्षों से लंबित बुनियादी सुविधाओं को लेकर सोमवार को ग्रामीणों का आक्रोश सड़कों पर नजर आया। कातलवाही पहुंच मार्ग, छपारा रोड तथा ग्राम पंचायत शिवपुरी के आश्रित ग्राम बांकलेड़ी से बलदेवटोला के बीच पुलिया निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने डोंगरगढ़-खैरागढ़ मुख्य मार्ग पर जाम कर दिया।

कातलवाही सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण, महिलाएं और बच्चों ने सड़क पर बैठकर धरना दिया, जिससे आवागमन ठप्प हो गया। ग्रामीणों ने बतायाकि कातलवाही और छपारा रोड की हालत वर्षों से बदतर बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती है। वहीं ग्राम पंचायत शिवपुरी के आश्रित ग्राम बांकलेड़ी से बलदेवटोला के बीच पुलिया नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में आवागमन बंद हो जाता है। बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को जान जोखिम में डालकर नाला पार करना पड़ता है। प्रदर्शन की खबर मिलते ही विधायक हर्षिता स्वामी बघेल एवं जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और ग्रामीणों के साथ सड़क पर बैठ गए। विधायक ने भाजपा सरकार पर क्षेत्र की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि ग्रामीण लंबे समय से सड़क और पुलिया की मांग कर रहे हैं, लेकिन केवल आश्वासन दिया जा रहा हे। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। अधिकारियों ने कातलवाही पहुंच मार्ग, छपारा रोड की मरम्मत एवं सुधार कार्य तथा बांकलेड़ी-बलदेवटोला के बीच पुलिया निर्माण कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क और पुलिया कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वह पुनः आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### विधायक ने लिया जायजा

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ग्राम कातलवाही पहुंच कर रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंचराम चंदेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष गौकरण कोसले, भुखन गायकवाड, संतोष गायकवाड आदि मौजूद थे। गत 9 फरवरी को जर्जर सड़क से परेशान होकर ग्रामीणों ने चक्का जाम किया था।

# सेवा केंद्र से मिलेगी त्वरित सेवा

## मुसराकला में अटल डिजीटल सेवा केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत मुसराकला में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का लोकार्पण जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने किया। अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू ने की। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष लता अजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव, जनपद सदस्य सीमा साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण वर्मा, गायत्री शिव टेंभुरकर मौजूद थे। लोकार्पण के पश्चात जिपं अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने कहा कि अटल डिजिटल सेवा केंद्र शासन की योजनाओं एवं सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। यहां प्रमाण पत्र, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, ऑनलाइन आवेदन सहित अन्य सेवाएं ग्राम स्तर पर ही सहजता से उपलब्ध होगी।



### पारदर्शिता को मिलेगा बढ़ावा

जिपं सदस्य महेन्द्र यादव ने कहा कि अटल डिजिटल सेवा केंद्र ग्रामीणों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाएगा। प्रशासनिक कामकाज में पारदर्शिता आएगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण वर्मा ने भी संबोधित किया। अतिथियों ने अटल डिजिटल सेवा केंद्र का निरीक्षण किया एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर दिनेश्वर वैष्णव, सरपंच गायत्री टेंभुरकर, अजय सिन्हा, कमल निर्मलकर सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### दूरी होगी कम

जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि तकनीक के माध्यम से शासन और जनता के बीच की दूरी को कम करना ही अटल डिजिटल सेवा केंद्र की मूल भावना है, जो ग्रामीण विकास को नई दिशा देगी। जनपद अध्यक्ष श्रीमती सिन्हा ने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को सुगम सेवाएं प्राप्त होंगी।

# बाहरी व्यक्ति चला रहे चखना सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव



शराब दुकान शुरू होने के साथ ही अवैध चखना सेंटर का संचालन किया जा रहा है जिसे लेकर ग्रामवासियों में आक्रोश देखा जा रहा है। अवैध चखना दुकान बंद नहीं किया गया तो आगामी दिनों आंदोलन होने की सुगबुगाहट शुरू हो गई है।

ग्राम में सरकारी शराब दुकान खुलने के बाद चखना दुकान का संचालन अवैध रूप से किया जा रहा है। ग्राम के तोमन साहू ने कहा कि गांव के लोगों को दरकिनार कर डौंडीलोहारा के कुछ राजनीतिक व्यक्ति द्वारा अपने पद की आड़ में चखना सेंटर चलाया जा रहा है। इसे लेकर प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को गोलमोल जवाब दिया जा रहा है जिसके चलते लोगों में आक्रोश है। तोमन साहू ने बताया कि जिसकी जमीन पर सरकारी शराब दुकान खोला गया है वहां चखना दुकान चलाने का पहला अधिकार है स्थानीय ग्रामीणों का है लेकिन यहां डौंडीलोहारा क्षेत्र के लोगों द्वारा चखना दुकान चलाया जा रहा है जो पूर्णतः ग़लत है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में शीघ्र शिकायत किया जाएगा इसके बाद भी चखना दुकान बाहरी लोगों द्वारा चलाया जाता है तो आंदोलन किया जाएगा। ग्राम के तोमन साहू, भीखम रावटे, टीकम, लक्ष्मण, एलेंनद, संतोष व अन्य लोगों ने अपनी समस्याएं बताई।

### फोन रिसीव नहीं

आबकारी विभाग के उपनिरीक्षक भांडेकर से इस संबंध पर संपर्क कर पक्ष लेने की प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। ग्राम के भीखम रावटे ने कहा बाहरी व्यक्ति द्वारा चखना सेंटर चलाया जाना ग़लत है।पहली प्राथमिकता ग्रामवासियों या जमीन मालिक को मिलना चाहिए। एलेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि चखना सेंटर का संचालन अधिकारियों की सांठगांठ से किया जा रहा है।

# महासम्मेलन में सामाजिक एकता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

झिथराटोला में अखिल भारतीय भुमिजन आदिवासी ध्रुव गोंड समाज महासभा ओडारबांध की वार्षिक महासभा एवं महा सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव थी।

अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, जिपं सभापति अनीता मंडावी, जिपं सभापति बीरम मंडावी, रविन्द्र वैष्णव तथा उत्तरा निषाद थी।



उक्त मौके पर श्रीमती वैष्णव ने कहा कि भूमिजन आदिवासी ध्रुव गोंड समाज की पहचान उसकी संस्कृति, परंपरा और आपसी एकजुटता है। शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और संगठित प्रयासों के माध्यम से समाज को सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से नशामुक्ति, शिक्षा के प्रति जागरूकता और समाजहित में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। जनपद अध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि ऐसे महासम्मेलन समाज को एक सूत्र में बांधने के साथ-साथ सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्री पटेल ने समाज के विकास, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के मार्गदर्शन एवं सांस्कृतिक संरक्षण पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर परिक्षेत्र अध्यक्ष राजेश धुर्वे एवं लादूराम तुमरेकी ने भी संबोधित किया।

### कार्ययोजना पर विचार

वार्षिक महासभा के दौरान समाज की गतिविधियों की समीक्षा की गई। आगामी वर्ष के लिए शिक्षा, संगठन विस्तार और सामाजिक जागरूकता को लेकर विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। समाज के वरिष्ठजनों के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया।

### सामाजिक जनों की मौजूदगी

महासभा में मदन नेताम, रघुवीर सेवता, मदन खुडश्याम, लीलाराम मंडलोई, रमेश उईके, राजेश्वर धुर्वे, मायाराम मंडलोई, प्यारेलाल, लादूराम, हिराराम ओटी, थनवार मंडावी, अशोक मरकाम, चन्द्रशेखर मंडलोई, शेरसिंह गोडिया, उभयराम मंडावी, हेमंत साहू, तुलाराम साहू, सीमा चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में समाजिकजन उपस्थित थे।

## सिद्दीक बड़गुजर बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष

**डोंगरगांव।** जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे की कार्यकारिणी घोषित हो गई है।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के आशीर्वाद एवं अल्पसंख्यक मोर्चा कगे प्रदेश अध्यक्ष मखमुर इकबाल खान की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने जिला कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष पद पर पूर्व पार्षद सिद्दीक बड़गुजर का मनोनयन किया है। उनके मनोनयन से कार्यकर्ताओं में व्यापक हर्ष देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि श्री बड़गुजर समाज सेवा के कार्य अग्रणी भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने कुछ साल पहले शहर में मस्ती की पाठशाला की शुरूवात की थी जिसे नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद मिला था। वहीं राष्ट्रीय पर्व के दौरान वह अनूठा आयोजन करते रहे हैं।

### कावड़िया से मुलाकात



**डोंगरगढ़।** भाजपा नेता हरविंदर एस. मंगे एवं मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी प्रकाश बिंदल ने रायपुर पहुंचकर निशक्त जन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़ायि से मुलाकात कर स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने श्री कावड़यिा के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# प्रज्ञागिरी में महाराज की जयंती का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

संत रविदास महाराज की जयंती का आयोजन प्रज्ञागिरि में किया गया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, काशी से आए भारत भूषण दास, प्रकाश महोबिया, गौतम टेटवाल, सुरजीत कुमार, नामदेव कदम, ध्रुवकुमार मिर्धा, विनोद खांडेकर, तरुण हथेल, डॉ अरविंद माने, संत प्रकाशानंद , एमके जगने शामिल हुए। अध्यक्षता विजय मेहरा ने की। इस दौरान राधा रवि, नारंगी मेहरा, सुनीता देवी चंचल, विमला सोनवानी, गीता रवि, मुन्नी भारद्वाज, वेणुधर रौतिया, अशोक कुर्रे, मनोज सेवतकर, बीसी जाटव, केआर पैगवार, एसआर खरे, नंदुराम राडेकर, नरेन्द्रलाल चंचल, बीबी राम, केएल चौधरी, केदार कोरे, रामदास मालेकर, मदन मोहबे, कांशीराम, मकसुदन हठिले, मूलचंद रौतिया, रामकृष्ण मिरी, दुखुदास हठिले, दुतिया अजगर, कुमार खरे, लक्ष्मण जगने, डा अरविंद माने, बुद्धेश्वर सोनवानी, राजू मिर्धा, डा चन्द्रशेखर खरे, प्रीति रोहिदास, ओमनारायण चौधरी, बाबुलाल रवि मौजूद थे।

### निकली शोभायात्रा

सर्व रविदास समाज के पदाधिकारियों, संतो एवं अतिथियों के साथ शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा रविदास मंदिर से प्रारंभ होकर गोल बाजार होते हुए गुरुद्वारा, रेलवे चौक, जयस्तंभ चौक होते हुए प्रज्ञागिरि पहुंची। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने शोभायात्रा का स्वागत किया।

# 90 जोड़ो का आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

लोगों को खर्चीली शादियों से बचाने के लिए कोसरिया मरार पटेल समाज ने बिहारीकला में आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया। इस आयोजन में 90 जोड़े परिणाम सूत्र में बंधे।



इस दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विशेषर पटेल थे। अध्यक्षता जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने की। इस मौके पर श्री गांधी ने सामूहिक विवाह के आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि समाज को महंगाई के दौर से बचाने के लिए इस तरह आयोजन बेहद जरूरी है। सभी को ऐसे आयोजन में सहभागी बनना चाहिए। उन्होंने सामाजिकजनोंसे बेटे बेटियों को पढ़ाने और नशा मुक्त समाज बनाने का आव्हान किया।

### सामूहिक सहभागिता

कार्यक्रम को सफल बनाने परिक्षेत्र के सामाजिक जनों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में लोचन पटेल, लिलार पटेल, दुलेश पटेल, कुबेर पटेल, कमलेश पटेल, खेलुराम पटेल, पार्षद कोमल साहु, अशोक पटेल, सुंदर पटेल, देव पटेल, योगेश पटेल, चरण पटेल, लेमन पटेल, गुलशन पटेल, डोमेन पटेल, पारस पटेल आदि शामिल हुए।

### खंभे में टकराने से युवक की मौत

**तुमडीबोड़।** सोमवार को एक सड़क हादसे में युवक की जान चली गई। झिटिया बंकाल निवासी सुभाष नारंग पिता स्व कुमार नारंग की बाइक स्थानीय हाईस्कूल के सामने अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वाहन की रफ्तार काफी ज्यादा होने से युवक नियंत्रण खो बैठा और हादसा हो गया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### छात्रों ने किया योग का अभ्यास



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में 11 फरवरी को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन तथा क्रीड़ाधिकारी मोनिश खान के तत्वावधान में योग अभ्यास किया गया। तीनों संकायों के अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को योगाभ्यास के तहत सूर्यनमस्कार के विभिन्न आसनों को कराते हुए उनके को रेखांकित किया गया। प्राचार्य ने योग को नवाचार से जोड़ते हुए व वैकल्पिक रूप से इसे आजीविका का माध्यम मानते हुए छात्रों का कैरियर मार्गदर्शन किया।

### शिव पुराण कथा आज से

**पटेवा।** इरईकला में कल 12 फरवरी से चार दिवसीय श्री शिवपुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ का आयोजन अर्धनारीश्वर शिवपुराण मंदिर समिति, अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में किया गया है।कल 12फरवरी को मंगल कलश यात्रा एवं मंगलाचरण होगा। आगामी 13 फरवरी को 10 से 12बजे तक महात्म कथा एवं दोपहर 2से 5बजे तक महाशिवरात्रि विशेष, 14 को सृष्टि वर्णन, सती उत्पत्ति एवं शिव विवाह प्रसंग एवं शाम 6 बजे दीप महायज्ञ का आयोजन होगा। आगामी 15 फरवरी को सुबह 8.30बजे यज्ञ हवन एवं पार्थिव शिवलिंगाभिषेक, दोपहर 12से 3 बजे तक गणेश जन्म कथा, उपसंहार एवं महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### क्रिकेट स्पर्धा में बुंदेली विजेता



**सड़क अतरिया।** ग्राम बुंदेली में ईग्ल व्यास क्रिकेट क्लब एवं ग्रामीणों के सहयोग से क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया गया था। जिसका समापन सोमवार को हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, छुईखदान जनपद सभापति ज्योति जंघेल, बलदाऊ जंघेल, दिवाकर सहित अन्य शामिल हुए। अतिथियों ने खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन की प्रशंसा की। साथ ही आयोजन को ग्रामीण प्रतिभा को निखारने वाला अवसर बताया। स्पर्धा 15 दिन चला। जिसमें 32 टीमों ने हिस्सा लिया। स्पर्धा का अंतिम मुकाबला आयोजक बुंदेली क्रिकेट क्लब और मुरई टीम के मध्य खेला गया। रोचक मुकाबले में बुंदेली की टीम विजयी रही, जिसे 18 हजार रुपए नकद तथा उपविजेता मुरई पुरेना को 8 हजार 5 सौ रुपए की राशि प्रदान किया गया। तीसरे स्थान पर जंगलपुर की टीम रही, जिसे 4 हजार की राशि से सम्मानीत किया गया। इसके अलावा स्पर्धा में बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

### श्री विजडम स्कूल में वार्षिक भोज आयोजित



**खड़गांव।** सोमवार को विद्या श्री विजडम स्कूल खडगांव में भोज का आयोजन किया गया। स्कूल के संस्थापक गजानंद चौधरी एवं तरुण चौधरी ने बताया कि प्रतिवर्ष वार्षिक भोज आयोजित किया जाता है। सोमवार को विद्यालय के छात्र छात्राओं को पुड़ी, सब्जी, खीर, बुंदी, कढी, चावल, आलू छोले, गोभी सेमी, मटर आदि खिलाया गया। भोज का सभी छात्र छात्राओं ने लुत्फ उठाया। छात्र छात्राओं ने बताया कि वार्षिक भोज का आयोजन पारिवारिक मिलन की तरह लगता है। यहां सभी एक साथ बैठकर भोजन करते है जिसमें बड़ा आनंद आता है। छात्र छात्राओं ने इस आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन के गजानंद चौधरी एवं तरुण चौधरी का धन्यवाद दिया। बीते दिनों में स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया था। अतिथियों एवं अभिभावकों ने प्रोत्साहन राशि दी थी जिसका उपयोग भोज में किया गया। गजानंद चौधरी एवं तरुण चौधरी ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

### ठाकुरटोला में स्वास्थ्य शिविर आज

**डोंगरगढ़।** माँ बम्लेश्वरी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन ठाकुरटोला में कल 12 फरवरी को रखा गया है। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया जाएगा। शिविर में डॉ प्रज्ञा, डॉ राहुल, डॉ गिरधर पटेल, नर्सिंग स्टॉफ सीमा, डॉली, देविका, खिलावन वर्मा उपस्थित रहेंगे।

### वार्षिकोत्सव में बच्चे सम्मानित



**डोंगरगढ़।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव और वार्षिक खेलकूद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक मिलेद्र कुमार टेंभुरकर थे। इस दौरान शाला के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रदर्शित किया। वार्षिक खेल अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, गोला फेंक, लंबी कूद, खो खो, कबड्डी आदि खेलों में बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया। विजेताओं को प्रमाण पत्र व मेडल दिया गया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि, प्राचार्य जीपी खैरवार एवं शिक्षिका श्रीमती बोबिनवाला ने किया। इस अवसर पर रानू सिंह, साक्षी वैष्णव, विदेश्वर भीमटे, दुर्गेश वस्त्रकर, एके तिवारी, मनीष पंचेश्वर, लक्ष्मी रजक आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री टेंभुरकर ने बच्चों को परीक्षा में अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण होने प्रेरित किया। संचालन प्रियांशु सेन, अंशु सिंह ने किया।

## निधन



### शांतिबाई साहू

**डोंगरगढ़।** बुधवारी पारा निवासी शांतिबाई साहू का कश्मीर में निधन हो गया है। वह मोतीराम साहू की धर्मपत्नी और वीरेंद्र साहू की बड़ी मम्मी थी। उनका अंतिम संस्कार कल 12 फ़रवरी को 12 बजे मुक्तिधाम में किया जाएगा। उनके निधन पर साहू समाज सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।



### शकुंतला टेम्भुलकर

**डोंगरगढ़।** स्थानीय शकुंतला टेम्म्भुलकर का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर बौद्ध समाज सहित सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है। अंतिम यात्रा में शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए।

### 10 रुपए के चालान के लिए 400 खर्च

# गंडई को नहीं मिला जिले का एक भी कार्यालय, विकास का सपना अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को जिला बने अरसा बीत गया, लेकिन गंडई क्षेत्र की जनता के लिए जिला शब्द केवल कागजों तक सीमित नजर आ रहा है। जिला निर्माण के समय क्षेत्रवासियों ने उम्मीद थी कि गंडई को जिले का अभिन्न अंग होने के नाते कुछ प्रमुख कार्यालयों और सुविधाओं की सौगात जरूर मिलेगी, लेकिन हकीकत इसके उलट है। आज भी गंडई अपनी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए संघर्ष कर रहा है। आलम यह है कि चालान पटाने के लिए भी लोगों को 20 किलोमीटर का सफर तय कर छुईखदान जाना पड़ता है।

हैरानी की बात यह है कि गंडई नगर पंचायत क्षेत्र में स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, एक्सिस बैंक, जिला सहकारी बैंक और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक और एक डाकघर हैं इसके बावजूद शासन द्वारा यहां चालान जमा करने की व्यवस्था नहीं की गई है। राजस्व देने के मामले में गंडई पूरे जिले में अग्रणी है, फिर भी यहां की जनता के साथ सौतेला व्यवहार समझ से परे



### राजस्व में अव्वल, विकास में पीछे

जनसंख्या और राजस्व आय के लिहाज से गंडई जिले का सबसे अहम हिस्सा है। बावजूद इसके, जिला प्रशासन ने यहाँ अब तक एक भी जिला स्तरीय कार्यालय खोलना उचित नहीं समझा। जनता के बीच अब यह चर्चा आम है कि क्या गंडई को केवल वोट बैंक और राजस्व वसूली के लिए जिला बनाया गया था? सुव्यवस्थित जिले का सपना गंडई के बिना कैसे साकार होगा, यह बड़ा सवाल है।

### मांग पर विचार होगा

लीड बैंक से बात हुई है। नगर पंचायत या जनता की ओर से पत्र व्यहार की करने पर मामले को अधिकारियों के संज्ञान में लाकर उक्त सुविधा गंडई में प्रारंभ किया जा सकता है। - **अविनाश ठाकुर,** एसडीएम

### नेताओं की उदासीनता से जनता में आक्रोश

क्षेत्र में सभी राजनीतिक दलों के दिग्गज नेता और जनप्रतिनिधि मौजूद हैं, लेकिन गंडई की इस समस्या पर किसी ने ठोस पहल नहीं की। चुनाव के समय वादों की झड़ी लगाने वाले नेता अब इस असुविधा पर चुप्पी साधे बैठे हैं, जिसका खामियाजा सीधे तौर पर आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

### समय और धन की बर्बादी

डिलिटल क्रांति के दौर में गंडई आज भी ऑफलाइन की बेड़ियों में जकड़ा है। लोगों ने बताया कि मात्र 10 रुपए का चालान पटाने के लिए उन्हें अपना पूरा दिन बर्बाद करना पड़ता है। आने-जाने का किराया और समय की बर्बादी मिलाकर एक मामूली चालान के लिए 400 रुपये तक का अतिरिक्त आर्थिक बोझ आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है।

### मांग उठाऊंगी

विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने बताया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है। प्रधानमंत्री देश को डिजिटल बनाने की बातें करते हैं, लेकिन गंडई की स्थिति आज भी जस की तस है। यहाँ 10 रुपये के चालान के लिए लोगों को 100 रुपये से ज्यादा खर्च कर दूर जाना पड़ता है। गंडई के साथ यह अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मैं इस सुविधा को स्थानीय स्तर पर शुरू कराने के लिए शासन-प्रशासन के समक्ष मजबूती से बात रखूंगी।

## मिथिलाधाम गणेश मंदिर में महाशिवरात्रि पर आयोजन

- महिला मंडल द्वारा होगी भजनों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर मोनी बाबा आश्रम में महाशिवरात्रि पर्व 15 फरवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर दोपहर में महिला मंडल के द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम रखा गया है और रात्रि के समय पुरुषों की मंडली भजन कीर्तन करेगा।

विद्वान पंडित निरंजन ठाकुर और शंकर ठाकुर के द्वारा प्रातः काल भगवान श्री गणेश का अभिषेक किया जाएगा। उसके अलावा महाशिवरात्रि के इस खास पर्व को यादगार बनाने के लिए आठों प्रहर भगवान वैद्यनाथ भोलेनाथ का मंदिर परिसर में स्थापित शिवलिंग पर पंचोपचार पूजा और अभिषेक किया जाएगा। इस शिव अभिषेक को कराने वाले पंडित देवानंद झा होंगे और यजमान मंदिर समिति के सदस्य मनोज चौधरी होंगे। मंदिर के महंत त्यागी बाबा और अध्यक्ष अशोक चौधरी ने इस अवसर पर सभी भक्तजनों को पूजा में आमंत्रित किया है। मंदिर के पंडित आदित्य झा मंदिर में आने वाले भक्त जनों को श्री गणेश, श्री राम जानकी एवं श्री भोले बाबा को पूजा करने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## छात्रों ने जानी विज्ञान की बारीकियां



**गंडई पंडरिया।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत 4 पीएम श्री स्कूलों के विद्यार्थियों ने ओडिशा का पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। कलेक्टर के निर्देशन में कक्षा 11वीं और 8 वी के मेधावी छात्रों तथा 4 शिक्षकों के दल को एडीएम सुरेंद्र ठाकुर, डीईओ लालजी द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। भ्रमण के दौरान छात्रों ने भुवनेश्वर के रीजनल साइंस सेंटर में विज्ञान के प्रयोगों, तारामंडल और डायनासोर पार्क का अवलोकन किया। दल प्रभारी प्राचार्य पवन कुमार ने बताया कि छात्रों ने नंदन कानन में वन्यजीवों और पुरी में भगवान जगन्नाथ मंदिर की स्थापत्य कला और समुद्र तट का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। उन्होंने कोणार्क सूर्य मंदिर, चंद्रभागा और धवलगिरी जैसे ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। डीईओ ने कहा कि इस तरह के एक्सपोजर विजिट से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है।

# अवैध मुरूम खप रही सरकारी कामों में, विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

विकासखंड छुईखदान इन दिनों अवैध मुरूम खनन को लेकर सुर्खियों में है। क्षेत्र में खुलेआम मुरूम का उत्खनन कर उसे शासकीय एवं निजी निर्माण कार्यों में खपाए जाने की चर्चा है। ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध खनन का खेल तीनों तहसीलों में लगातार जारी है और खनिज माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

जानकारी के अनुसार छुईखदान विकासखंड वनांचल और खनिज संपदा से जुड़ा क्षेत्र है। ऐसे में यहां मुरूम की अवैध खुदाई लंबे समय से चिंता का विषय बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बावजूद खनिज विभाग द्वारा केवल खानापूर्ति कर रहा है, जिससे विभाग की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई है। कुछ लोगों का आरोप है कि कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जा रही है।



### जनदर्शन में करेंगे शिकायत

क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे जनदर्शन में पहुंचकर मुख्यमंत्री और कलेक्टर से सीधे शिकायत करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध खनन से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है और शासन को राजस्व की हानि हो रही है। जगह जगह गड्ढे खोदकर छोड़ दिया गया है।

### यहां मिल रही ज्यादा शिकायतें

क्षेत्रवासियों ने ग्राम खैरी, घिरघोली के आगे ग्राम कानीमेरा उदयपुर से दनिया रोड, पद्मावतीपुर, रगरा और अतरिया बाजार, में ज्यादा मात्रा में खनन की शिकायत है। छुईखदान विकास खण्ड के तीनों तहसील इससे अछूता नहीं है छुईखदान साल्हेवारा क्षेत्र गंडई छेत्र में सड़क मार्ग पर जांच की जाए तो इस क्षेत्र में सबसे अधिक अवैध खनन होने की जानकारी आएगी। बताया जा रहा है कि यहां से प्रतिदिन मुरूम से भरे वाहन निकल रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि मुरूम से लदी गाड़ियां थाना और तहसील कार्यालय के सामने से गुजरती हैं, बावजूद इसके कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आती। इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# नुक्कड़ नाटक कर किया जागरूक

**गंडई पंडरिया।** वनों की हरियाली और वन्य प्राणियों को बचाने के लिए वन विभाग ने जन-भागीदारी का मोर्चा खोला है। वनमंडलाधिकारी खैरागढ़ के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र गंडई के गांवों में इन दिनों नुक्कड़ नाटकों का मंचन कर वनों को आग से बचाने का संदेश दिया जा रहा है।

ग्राम अचानकपुर, देवरच्चा और झिरिया में गत दिनों जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से यह बताया कि कैसे एक चिंगारी बेशकीमती लकड़ियों को खाक कर देती है, बल्कि बेजुबान वन्य प्राणियों के आशियाने भी उजाड़ देती है। गीतों और संवादों के जरिए ग्रामीणों को महुआ संग्रहण के दौरान आग न लगाने की शपथ दिलाई गई।

### इन आदतों पर अंकुश लगाने की अपील

नाटक के माध्यम से वन विभाग ने ग्रामीणों को कुछ प्रमुख सावधानियों के प्रति सचेत किया जिसमे महुआ संग्रहण के दौरान सूखे पत्तों में आग न लगाएं। जलती बीड़ी या सिगरेट जंगल में न फेंकें। जानबूझकर जंगल में आग लगाएं।ऐसा करना अपराध है, जिसमें सजा भी हो सकती है।

### जंगलों को आग से बचाने का संकल्प



### जन-जागरूकता ही सुरक्षा कवच

कार्यक्रम में मौजूद वन विभाग के अधिकारियों ने फायर सीजन को देखते हुए ग्रामीणों और चरवाहों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की। गंडई रेंजर संजीत मरकाम ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल आग बुझाना नहीं, बल्कि ऐसी स्थिति ही पैदा न होने देना है जहां आग लगने की नौबत आए। जब ग्रामीण स्वयं को जंगल का रक्षक समझेंगे, तभी हमारी प्राकृतिक संपदा सुरक्षित रहेगी।अचानकपुर, देवरच्चा और झिरिया के सैकड़ों ग्रामीणों, चरवाहों और महुआ संग्राहकों ने एक स्वर में जंगल बचाने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने हाथ उठाकर वादा किया कि वह वनाग्नि की सूचना मिलते ही तत्काल वन अमले को सूचित करेंगे और आग बुझाने में सहयोग करेंगे। इस दौरान वन सुरक्षा समितियों को भी गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

# नर्मदा से खैरागढ़ तक निकली बाइक यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

- नर्मदा से जल लेकर शामिल हुए शिव भक्त



हिन्दू जन जागरण सेवा समिति ने मंगलवार को खैरा नर्मदा से खैरागढ़ तक मोटर साइकिल यात्रा निकाला। सुबह नर्मदा मैय्या एवं कुंड की पूजा की गई। तत्पश्चात ताम्रपात्र में कुंड से जल भर कर यात्रा प्रारंभ किया गया।

सुबह 11 बजे नर्मदा मंदिर परिसर से रवाना यात्रा में पांच सौ से भी अधिक मोटरसाइकिल में हजारों शिव भक्त शामिल हुए। सड़क अतरिया, घिरघोली, भोरमपुर, झुरानदी आदि गांव में यात्रा का स्वागत किया गया। शिव भक्त खैरागढ़ के रूख्खड स्वामी महोत्सव में शामिल होंगे।

यात्रा में हिन्दू जनजागरण समिति के अध्यक्ष खम्हन ताम्रकार, प्रकाश जंघेल, दुजेराम वर्मा, ज्योति जंघेल, डोमारसिंह भेड़िया, लोमश वैष्णव, महेश जैन, दिवाकर सोनी, बोधनसिंह मेरावी, लालचंद पटेल, तामेश्वर जंघेल, बालकिशन जंघेल, रमेश जंघेल, पवन पटेल, डीलाराम, अनुज साहू, डेरालाल मसखरे, दुर्गेश जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, लाला जंघेल, अश्वनी जंघेल, आत्मा राम, रोशन जंघेल, तीजे धुर्वे, यशवंत पटेल, युवराज पटेल, खेलन वर्मा, लीला राम, डोगेन्द्र जंघेल, अरविंद जंघेल, बैजूराम, दीपेन्द्र वर्मा, राजेंद्र यादव, रोशन जंघेल, प्रकाश वर्मा, खिलावन जंघेल, डागेश्वर, धनंजय सहित खैरा नर्मदा, चकनार, सड़क अतरिया, खैरबना, कुकुरमुड़ा, बुंदेली, मैनहर, विचारपुर, भरदा, ओटेबंद, पंडरिया, जंगलपुर, खोंघा, पैलीमेटा, मोहगांव, सिंगारपुर, भदेरा, ठाकुरटोला, अचानकपुर, चुचरूंगपुर, मगरकुंड, जीराटोला, हनईबंद, मरतकठेरा, धोधा, गोकना, बागुर, ठंडार, ढांप आदि

# गौ विज्ञान परीक्षा का दूसरा चरण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिले में गौ विज्ञान परीक्षा का दूसरा चरण डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में सफलतापूर्वक हुआ इसमे परीक्षा में अपने अपने विद्यालय में प्रथम चरण के परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को गौ विज्ञान किट दिया गया।

मिडिल, हाई, हायर सेकेंडरी और महाविद्यालय स्तर के कुल 234 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। गौ सेवा संगम कार्यक्रम में प्रदेश सह सामाजिक सद्भाव प्रमुख मुख्य वक्ता सुधीर गौतम, मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जनभागीदारी विकास समिति अध्यक्ष शशांक ताम्रकार, नगर संघ चालक मोतीलाल यादव, खंड व्यवस्था प्रमुख मनोज गिडिय़ा, नपा अध्यक्ष गिरिजाचंद्राकर, नीलिमा गोस्वामी, राजेन्द्र डाकलिया सहित उपस्थित रहे। हवन पूजन और सामूहिक रूप से श्री सुरभ्यै नमः मंत्र का जाप करते हुए गौ माता की आरती की गई।

मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने गौ माता के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय संस्कृति में गाय का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है और उसके संरक्षण एवं संवर्धन की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता सुधीर गौतम ने गाय की पौराणिक कथाओं से लेकर वर्तमान युग में गौ से किस प्रकार आर्थिक समृद्धि मिल सकती है और स्वास्थ्य की बेहतरी मे उसके योगदान को बताया। स्व का बोध, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण व नागरिक कर्तव्य जैसे पंच परिवर्तन विषय पर विस्तार से जानकारी दी और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने इन बिंदुओं को अपनाने का आह्वान किया। अंत में अतिथियों द्वारा परीक्षा में भाग लेने वाले सभी परीक्षार्थियों को गौ उत्पाद किट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

परीक्षा बाद मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने विद्यार्थियों, पलकों सहित शिक्षकों को अपने और कुटुम्ब जनों के निरोगी, सुरक्षित भविष्य के लिए संकल्प दिलाया जिसके अंतर्गत घर में गौपालन, गौशाला में गाय गोद लेंगे, देशी गाय के दूध, दही, घी का सेवन करने कहा। वृद्ध, अशक्त, अनुपयोगी गौवंश को कसाई को नही बेचने, घर में अधिकाधिक पंचगव्य उत्पादों का उपयोग करने, गौमाता के गोबर खाद व गोमूत्र से उत्पादित अनाज और सब्जी का ही उपयोग करने के अलावा रासायनिक खाद, जहरीले पेस्टीसाइड से उत्पादित अनाज का बहिष्कार करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान जिला नोडल मनोहर चंदेल, छुईखदान नोडल चेतराम वर्मा, देव उदय यदु, मनोज वर्मा, ईश्वर निषाद, प्रदीप सिंह, नंद चंद्राकर, चयनित परीक्षार्थी, पालकगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विभिन्न संस्थाओं के परीक्षा प्रभारी उपस्थित थे।

## चकनार में भागवत कथा आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम चकनार के महावीर चौक में ग्रामीणों के सहयोग से कल 12 से 18 फरवरी तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा वाचक सूरज उपाध्याय तथा परायणकर्ता विकेश दुबे है। कल गुरूवार को कलश यात्रा के साथ वेदी पूजा किया जाएगा। आयोजक समिति ने क्षेत्र के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

जगतगुरु नरेंद्र स्वामी की कृपा से मोहला में ज्योतिष शिविर



अखिल भारतीय ज्योतिषी
माँ कामाख्या के परम भक्त
पं. कुण्डलिक शास्त्री जी



जनता की मांग पर 7वीं बार : 6 फरवरी से 21 फरवरी तक

मां कामाख्या के आशीर्वाद प्राप्त भक्त पंडित जी चेहरा-हस्तरेखा ध्यान से देखकर भविष्य बताते हैं। जैसे रोग- संतान प्राप्ती, मांगलिक दोष, कालसर्प दोष, शादी में रूकावट, प्रेम विवाह, पारिवारिक-घर में अशांति, संतान योग, पढ़ाई में मन न लगना, बच्चों के कैरियर, विदेश यात्रा, राजनैतिक, सामाजिक, पारिवारिक, कोर्ट-कचहरी से परेशानी, नौकरी में प्रमोशन, व्यापार धन लाभ, शारीरिक कष्ट, रोग, पीड़ा, कलेश, शत्रु से मुक्ति, घर से परेशान, पति-पत्नी का दोष आदि समस्याओं का समाधान। कठिन से कठिन समस्याओं का समाधान।

बाबाजी सिर्फ 3 प्रश्नों के उत्तर देंगे, जिसकी भावना शुद्ध है वहीं मिले
(मिलने का समय : सुबह 8 से 12 बजे, दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक)

पता - श्री शिवाय लॉज, रूम नं. 05 खड़गांव रोड, मोहला (छ.ग.) मो. 9637078050
फीस 101/-

# पारम्परिक वेशभूषा में कोयतुर गोंड समाज का उमड़ा विशाल जन सैलाब

## गोंडवाना सांस्कृतिक युवा महोत्सव सह सामाजिक, शैक्षणिक, संवैधानिक कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र के कोयतुर गोंड समाज के हजारों लोगों की गरीमामयी उपस्थिति में गत 07 एवं 08 फरवरी को डोंगरगढ़ विकास खंड के कोयतुर गोंड समाज बाहुल्य ग्राम बैगाटोला (बोरतलाव) में आदिवासी कोयतुर गोंड समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ तथा आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के तत्वावधान में कोयतुर गोंड़वाना सांस्कृतिक युवा महोत्सव सह सामाजिक, शैक्षणिक, संवैधानिक कार्यशाला एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक दलेश्वर साहू ने रामजीटोला में कोयतुर गोंड़वाना भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दलेश्वर साहू रहे, अध्यक्षता समाज प्रमुख दिनेश कोरेटी दिलेर ने किया। विशेष विशेषज्ञ अश्वनी कांगे केशकाल, जगत मरकाम बस्तर,दिनेश घावड़े बस्तर, तुकाराम कोर्राम बालोद, ललित नरेटी दुर्गूकोंदल,नरेन्द्र नेताम अंबागढ़ चैंकी,गोविंद शाह टेकाम गढ़चिरौली, चन्द्रेश ठाकुर बालोद, हिरेसिंह घावड़े मुंबई एवं जगत राम सलामें राजनांदगाँव,बारसू कुमेटी मोहला रहे। विशेष अतिथि वक्ता प्रशान्त कोड़ापे एवं अनिता मंडावी राजनांदगाँव, भावेश सिंह डोंगरगढ़,सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जसवंत घावड़े, मोहन सिंह हिड़को अध्यक्ष संभाग स्तरीय गोंड़ समाज महासभा मोहला, तुलसी मरकाम, ओमप्रकाश कोड़ापे,सचिव धरमू किरंगे, संगठन मंत्री देवप्रसाद कड़यिाम, महिला प्रभाग के महासभा अध्यक्ष बिमला कोरेटी, ब्लाक संरक्षक बाबूराव हिड़को ईस्तारी, दिलीप कोरेटी, गोंड समाज ब्लाक अध्यक्ष गण अनिल दुग्गा ईस्तारी, छबिलाल वट्टी अंबागढ़ चैंकी,राधेलाल कुंजाम खुज्जी, अजित कचलाम डौण्डीलोहारा रहे।

### जगजागरण जरूरी

अध्यक्ष की आसंदी से समाज के ब्लाक प्रमुख दिनेश कोरेटी दिलेर ने कहा कि कोयतुर गोंड़ समाज के सर्वांगीण विकास एवं कोयतुर गोंड़ समाज के युवक-युवतियों में सांस्कृतिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं व्यावसायिक सोच पैदा करने एवं जनजागरण के लिए इस का सामाजिक आयोजन अति आवश्यक है। जिलापंचायत सभापति प्रशान्त कोड़ापे एवं अनिता मंडावी ने गोंड़ समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता के साथ उच्च शिक्षा एवं सामाजिक जनजागरण को आवश्यक बताया।



### मांदर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति

आयोजन में जब सामुहिक रेला पाटा एवं मांदर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति हुई तो मांदर के थाम छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र के हजारों कोयतुर जन जमकर थिरकने लगते थे। कोयतुर गोटुल एवं जोब, मरकाकसा, पंडरापानी,तरियाटोला कटेंगा,बड़ेटोला कटेंगा एवं आंको की मनमोहक मांदर नृत्य की प्रस्तुति तथा लया-लयोर की पारम्परिक कोयतुर पोशाक विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा।

### प्रकृति पूजक है समाज

सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू ने कहा कि कोयतुर गोंड़ समाज प्रकृति पूजक है जो हमेशा जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करता है। प्रकृति एवं संस्कृति एक दूसरे का पूरक है इसलिए प्रकृति एवं संस्कृति को बचाये रखना होगा।

### पेशा कानून पर चर्चा

विषय विशेषज्ञ अश्वनी कांगे ने संवैधानिक, पेशा कानून एवं वन अधिकार कानून,जगत मरकाम ने कोया पुनेम,दिनेश घावड़े ने नार व्यावस्था, तुकाराम कोर्राम ने कोयतुर सम-विषम व्यावस्था, नरेन्द्र नेताम ने टोण्डा,मण्डा एवं कुण्डा, ललित नरेटी ने उच्च शिक्षा, नशामुक्ति एवं व्यावसायिक सोच, गोविंद शाह टेकाम ने गोंड़ महापुरुषों के बलिदान, चन्द्रेश ठाकुर ने सामाजिक विकास में अधिकारी-कर्मचारियों की भूमिका, हिरेसिंह घावड़े ने सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता, जगत सलामें ने राजनीतिक सोच, बारसू कुमेटी ने पेन व्यवस्था विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

## सार समाचार

### कबड्डी प्रतियोगिता 14 को

**राजनांदगांव।** कविराज टोलागांव घोरदा में 14 फरवरी शाम 6:00 बजे से एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। आयोजक समिति के संयोजक लोकेश निषाद ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 201 रुपए है । प्रथम 7001 मटेरियल सप्लायर कविराज टोलागांव, द्वितीय 5001 श्रीमती चांदनी साहू , तृतीय 3001 श्री उमेश साहू जनपद सभापति, चतुर्थ 2001 हंसराज सोनकर अर्जुनी द्वारा प्रदान किया जायेगा । आकर्षक पुरस्कार के तौर पर बेस्ट रेडर समिति द्वारा सिल्ड कप, बेस्ट आलराउण्डर समिति द्वारा सिल्ड कप, बेस्ट केयर समिति द्वारा सिल्ड कप, बेस्ट बालर समिति द्वारा सिल्ड कप प्रदान किया जायेगा ।

### नीट की परीक्षा में शांभवी ने बढ़ाया मान

**राजनांदगांव।** किंग जॉर्ज मेडिकल कालेज लखनऊ उत्तर प्रदेश में



सीनियर रेसीडेंट डॉक्टर के पद पर कार्यरत शहर की बेटी डॉ. शांभवी झा ने नीट सुपर स्पेशलिटी परीक्षा में 149वां रैंक प्राप्त कर जिले मान बढ़ाया है। उनकी शिक्षा वाइडनर मेमोरियल स्कूल एवं नीरज पब्लिक स्कूल में हुई। वह श्रीमती स्वाती झा व्याख्याता की सुपुत्री हैं। उन्होने अपनी सफलता का श्रेय वे अपने परिवारजनों एवं गुरुजनों को दिया हैं। डा. शांभवी ने इसके पूर्व नार्थ रेलवे हॉस्पिटल नई दिल्ली से इंटर्नशिप करके सफदरजंग हॉस्पिटल नई दिल्ली में भी अपनी सेवाएं प्रदान की हैं।

### विकसित भारत गारंटी को लेकर बैठक

**राजनांदगांव।** मंडल स्तर पर विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण जन जागरण अभियान के अंतर्गत आज एक



महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला संयोजक दिनेश गांधी, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी समेत रविंद वैष्णव, तरूण लहरवानी, अशोक देवांगन, सुरेश वर्मा, मनोज साहू, खिलेश्वर साहू, परदेशी सोनबोईर, मनोज कांडे, दिना पटेल, भुवन साहू, जागेश्वर यादव, हीरदेव देवांगन, महेंद्र वैष्णव सहित सभी मंडल संयोजक एवं सह-संयोजकगण उपस्थित रहे। बैठक में अभियान को ग्राम स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाने, जनजागरण कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने तथा मंडल स्तर पर जिम्मेदारियों का विभाजन किया गया।

### मंडई में हथियार लहराकर डराया, पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** मंडई में धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने धमकाने के मामले पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत 10 फरवरी को ग्राम सोमनी मंडई कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में टीम गठित कर मण्डई मेला में कानून व्यवस्था हेतु टीम रवाना किया गया था। मण्डई मेला व्यवस्था दौरान ग्राम सोमनी निवासी विकास भारती 23 साल डबरापारा अपने हाथ में धारदार हथियार लेकर मंडई में घुम रहा था और लोगों को डरा धमका रहा था। जिसे घेराबंदी कर पकड़ कर आरोपी के कब्जे से एक धारदार हथियार को जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

### पुलिस कर्मियों के खिलाफ मारपीट की शिकायत

**राजनांदगांव।** जमीन मामले को लेकर पारिवारिक विवाद के बीच पहुंची पुलिस के द्वारा मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित व्यक्ति ने ज्ञापन के माध्यम से एसपी से कार्रवाई की मांग की है।

वेनू वर्मा ने कहा कि वह रायपुरा के इंद्रप्रस्थ में रहता है। उनके गृह ग्राम मुड़िया मोहारा में आवास और खेत है, जहां उनके छोटे भाई ने निर्माणाधीन घर के पीछे में अवैध कब्जा करके रखा है।

जिसको हटाने को लेकर उससे वाद विवाद हुआ और उनके भाई ने पुलिस को बुलाया। प्रार्थी ने कहा कि पुलिस वाले मुझे चौंकी लेकर गए, जहां 4 पुलिस कर्मियों ने अश्लील गाली गलौच करते हुए मरपीट किया। जिससे कान, मुंह और पैर में चोंट आई है। इस मामले में उन्होंने एसपी से कार्रवाई की मांग की है।

## हरिभूमि ने उजागर किया हैवानियत और खुदकुशी के प्रयास का मामला

# एकलव्य के मामले में आयोग ने लिया संज्ञान, विधानसभा पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी नगर में संचालित केंद्रीय विद्यालय एकलव्य आवासीय विद्यालय में मासूम छात्राओं के एक के बाद एक आत्महत्या करने का प्रयास और बालकों के साथ हुई हैवानियत के साथ बेरहमी का मामला अब अनुसूचित जनजाति आयोग तथा विधानसभा पहुंच गया हैं।

उल्लेखनीय है कि आवासीय विद्यालय एकलव्य में आदिवासी छात्रों के साथ बर्बरता किये जाने और नाबालिक छात्राओं के द्वारा एक के बाद एक आत्मघाती कदम उठाने के मामले को एकलव्य परिसर के भीतर आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त संजय कुर्रे और और एकलव्य प्रशासन के द्वारा दबाया जा रहा था। इस संवेदनशील घटना को हरिभूमि में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद कलेक्टर तूलिका प्रजापति के निर्देश पर अपर कलेक्टर जीआर मरकाम के अध्यक्षता में डिप्टी कलेक्टर शुभांगी गुप्ता, एसडीएम हेमेंद्र भूआर्य, अंबागढ़ चौकी तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो, आरआई तामेश्वरी इस्दा, एसडीओपी नेहा पवार की टीम ने जांच कर फाइल तैयार किया है, परंतु जांच किस हद तक पारदर्शी है, मामले में कौन-कौन दोषी हैं क्या कार्रवाई दोषी शिक्षकों पर तय की जा रही है इसका आता पता नहीं है। इधर हरिभूमि की खबर को संज्ञान में लेते हुए राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग ने जिला प्रशासन से जवाब मांगा है । वही खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू ने एक के बाद एक बच्चियों के खुदकुशी करने के प्रयास और बेरहमी से छात्रों को मारने के मामले में विधानसभा में प्रश्न लगाया है।



### क्यों मरना चाहती थी बच्चिया?

नाबालिक छात्रों से बर्बरता के मामले में लगभग दब गया है इसमें अब तक कोई भी एक्शन नहीं लिया गया है। इधर मासूम बच्चिया क्यों एक के बाद एक जान देना चाह रही थी इसके निष्पक्ष जांच के नाम पर बेहद शंसय की स्थिति बनी हुई है। जहर खुरानी के मामले में पुलिस कोई भी कदम बढ़ाना नहीं चाह रही है। विभागीय तौर पर उक्त मामले को ढकने का प्रयास जमकर हो गया है। बताया जा रहा है एकलव्य परिसर के भीतर परीक्षा का हवाला देकर सभी बच्चों को मुंह ना खोलने के लिए बेहद दबाव बना लिया गया है।

### इन विषयों के टीचरों ने किया है मारपीट

प्रशासनिक जांच में अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय एकलव्य में पदस्थ बाहर प्रदेश के शिक्षक पीटीआई आकाश शर्मा, फिजिक्स के लेक्चरर अनिल, हिन्दी के लेक्चरर पर्वत को मारपीट मामले में कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। बच्चों ने इनके द्वारा मारपीट करने की शिकायत की पुष्टि की है।

### हॉस्टल से घर क्यों भेजे जा रहे हैं छात्राएं

इन संपूर्ण घटनाक्रम के बीच बेहद सनसनी खेज जानकारी एकलव्य आवासीय विद्यालय को लेकर मिली है। यहां अध्यनरत कई छात्राओं को परीक्षा तक घर में रहने को लेकर घर भेज दिया गया है। इन बच्चियों के साथ विद्यालय के चार दिवारी के भीतर क्या हुआ, क्यों बच्चियों को स्कूल में अध्यापन के बजाय घर भेजा गया है। इन सारे जवाबो से केंद्रीय विद्यालय और सहायक आयुक्त संजय कुर्रे पीठ दिखा रहे हैं।

### तालाब में डूबने से बुजुर्ग की मौत

**मोहला।** जिला मुख्यालय मोहला से कुछ दूरी पर स्थित दैविक स्थल चिखली पाट में मंगलवार दोपहर एक बुजुर्ग की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान खड़बत्तर निवासी लखन लाल मंडावी गांव पटेल के रूप में हुई है।

मंगलवार को महाशिवरात्रि के लिए चिखली देव समिति की बैठक आयोजित थी, जिसमें 14 गांव बरोह के ग्रामीण एकत्रित हुए थे। लखन लाल मंडावी भी ग्राम खडबत्तर से बैठक में शामिल होने पहुंचे थे। बैठक स्थल पर पहुंचने से पहले वे समीप स्थित तालाब में स्नान करने गए। इसी दौरान वे गहरे पानी में चले गए और डूब गए। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर ग्रामीण तालाब की ओर पहुंचे। वहां उनके कपड़े मिले, लेकिन वे नजर नहीं आए। तालाब में डूबने की आशंका होने पर परिजनों को सूचना दी गई और बाद में मोहला थाना को खबर दी गई। थाना प्रभारी कपिल देव चंद्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तालाब में तलाश शुरू की। शाम अधिक होने के कारण खोज अभियान अगले दिन सुबह शुरू किया गया। बुधवार सुबह करीब 9 बजे गोताखोरों की टीम ने तलाश शुरू की और घंटों की मशक्कत के बाद लगभग 11:30 बजे मृतक का शव तालाब से बाहर निकाला गया। ग्रामीणों और परिजनों में शोक व्याप्त है।

## मड़ई मेले में शांति व सुरक्षा बनाए रखने पुलिस अलर्ट

**राजनांदगांव।** मंड़ई मेले के दौरान हो हुड़दंग और मारपीट जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अलर्ट है। जिसके तहत सोमनी मड़ई में शांति व्यवस्था हेतु पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवकों से 20 से अधिक लोहे के कड़े उतरवाएं



ज्ञात हो कि पूर्व में जिले के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में मंड़ई मेले के दौरान मारपीट हो हुल्लड़ की घटनाए हो चुकी है जिसके मददेनजर पुलिस अब मंड़ई मेलों में अतिरिक्त सर्तकता बरत रही है एवं असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर बनाए हुए है। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में थाना सोमनी पुलिस द्वारा सोमनी मड़ई क्षेत्र में कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने हेतु प्रभावी कार्रवाई की गई।

### लोहे के कड़े पहन कर घुम रहे थे युवक

पुलिस सूत्रों के अनुसार कार्रवाई के दौरान यह पाया गया कि कुछ असामाजिक किस्म के युवक लोहे के कड़े पहनकर सार्वजनिक रूप से घूम रहे थे, जिससे आम नागरिकों में भय एवं असुरक्षा की भावना उत्पन्न होने की आशंका थी। थाना सोमनी पुलिस द्वारा तत्काल हस्तक्षेप करते हुए संबंधित युवकों को समझाइश दी गई। बताया गया कि पुलिस द्वारा युवकों से 20 से अधिक लोहे के कड़े उतरवाकर जब्त किए गए तथा भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह के कृत्य कानून व्यवस्था भंग करने की श्रेणी में आ सकते हैं। इस कार्रवाई का उद्देश्य शांति व्यवस्था बनाए रखना, असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना एवं आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम करना है। क्षेत्र में पुलिस द्वारा सतत निगरानी जारी है।

## परीक्षा शुल्क में वृद्धि, शिक्षा मंडल कार्यालय का घेराव, गुल्लक में मांगा जनता से सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा लगभग 5 वर्ष बाद कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के शुल्क में बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ा हुआ शुल्क शिक्षा सत्र 2026-27 से लागू हो जाएगा जिसको लेकर आज एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बच्चों से फीस में बढ़ोतरी का विरोध करते हुए स्थानीय माध्यमिक शिक्षा मंडल के संभागीय कार्यालय का घेराव किया।

अपने इस प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने फीस बढ़ाये जाने का विरोध करते हुए गुल्लक लेकर शहर की सड़कों पर लोगों से माध्यमिक शिक्षा मंडल के लिए फीस की राशि मांगी। लोगों ने गुल्लक में रुपए दान दिया। जिसे लेकर युवा कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ता महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल परिसर में स्थित संभागीय कार्यालय पहुंचे।



### प्रदेश सरकार से मांग

माध्यमिक शिक्षा मंडल के संभागीय कार्यालय में अधिकारी उपस्थित नहीं होने के चलते विरोध प्रदर्शन करने कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के गेट पर ही गुल्लक छोड़ दिया और राज्य शासन से छात्र हित में फीस नहीं बढ़ाए जाने मांग की।

### लगभग 8 सौ रुपये हुआ शुल्क

नए प्रावधान के तहत नियमित परीक्षार्थियों को बोर्ड परीक्षा, अंकसूची और प्रति विषय प्रैक्टिकल शुल्क मिलाकर 800 रुपए देना होगा, पहले इसके लिए विद्यार्थियों को 460 रुपए देने पड़ते थे।

### गुल्लक रखकर प्रदर्शन

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने माध्यमिक शिक्षा मंडल के संभागीय कार्यालय के सामने गुल्लक रखकर धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन को लेकर पूर्व पार्षद एवं युवा कांग्रेस के पदाधिकारी ऋषि शास्त्री और कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव विशु अजमानी ने कहा कि प्रदेश की सरकार ने 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षा शुल्क बढ़ा दी है। जिसका भार छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों पर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल को विद्यार्थियों की ओर से रुपए देने गुल्लक लेकर प्रदर्शन किया गया है।

## व्यवस्थित यातायात, अपराध नियंत्रण पर बरते सर्तकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने डीएसपी और थाना प्रभारियों की व्यापक समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, प्रशासनिक अनुशासन एवं यातायात सुधार पर सख़्त दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 11 फरवरी को प्रातः 11.30 बजे थाना एवं चौकी प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा पुलिस कार्यप्रणाली में गुणवत्ता एवं संवेदनशीलता को बढ़ावा देना



### लंबित प्रकरणों का शीघ्र करे निराकरण

थाना स्तर पर दैनिक कार्य संचालन की समीक्षा करते हुए सभी अनिवार्य रजिस्टरों के अद्यतन, सही संधारण एवं नियमित जांच पर जोर दिया गया। लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु स्पष्ट समयबद्ध निर्देश जारी किए गए। नवंबर से जनवरी तक के बाउंड ओवर प्रकरणों की समीक्षा कर आदतन अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु सख़्त अनुपालन के निर्देश दिए गए। गंभीर एवं लंबित अपराधों में शीघ्र खुलासा एवं सशक्त कार्रवाई को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। लंबित समन एवं वारंटों की त्वरित तामिली सुनिश्चित करने हेतु भी दिशा-निर्देश दिए गए।

### थाना परिसर रख-रखाव व स्वच्छता पर जोर

थाना भवन, मालखाना, अभिलेख कक्ष एवं परिसर की भौतिक स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। यातायात को सुगम बनाने, दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध प्रभावी एवं सतत कार्रवाई हेतु ठोस रणनीति पर चर्चा कर सख़्त अमल के निर्देश दिए गए। आगामी समय में बच्चों की बोर्ड परीक्षा एवं अन्य परीक्षा को देखते हुए डीजे एवं शादी भवनों पर नियंत्रण हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो, उप पुलिस अधीक्षक मंजुलता बाज, उप पुलिस अधीक्षक केशरी नंदन नायक सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

## सड़क पर खड़ी वाहनों पर चलानी कार्रवाई

**राजनांदगांव।** यातायात नियमों का उल्लंघन कर मुख्य मार्ग पर खड़ी करने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 195 वाहनों पर लॉक लगाकर कार्रवाई करते हुए कुल 73,200 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

एसपी सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन कर मुख्य मार्ग एवं सर्विस रोड पर अव्यवस्थित रूप से खड़े किए गए वाहनों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### 195 वाहनों पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार विगत 3 दिनों में अग्रवाल ट्रांसपोर्ट तिराहा से पुराना बस स्टैण्ड चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, रेल्वे स्टेशन रोड, भगत सिंह चौक, महावीर चौक, गुरुद्वारा चौक, नया बस स्टैण्ड, अम्बेडकर चौक, मनोकामना से आरके नगर चौक तक सर्विस रोड के दोनों ओर आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान मोटरयान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 195 वाहनों पर लॉक लगाकर कार्रवाई करते हुए कुल 73.200 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। उक्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। यातायात पुलिस की सतत कार्रवाई से शहर की यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।



## खबर संक्षेप

### परीक्षाओं को देखते हुए बिना अनुमति ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गोपाल वर्मा ने छात्र-छात्राओं की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए जिले में बिना अनुमति ध्वनि विस्तारक यंत्रों लाउडस्पीकर आदि के उपयोग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। यह आदेश छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 985 की धारा 10(2) एवं धारा 18 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, संपूर्ण कबीरधाम जिले में किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग बिना अनुमति नहीं किया जा सकेगा। विशेष समारोह, सम्मेलन, विवाह एवं अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों के अवसर पर ध्वनि प्रसारण यंत्र के उपयोग की अनुमति संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी अथवा कार्यपालिक दण्डाधिकारी द्वारा दी जा सकेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### 2 किलोवाट तक सोलर प्लांट फ्री में लगेगा

**कवर्धा।** कवर्धा केंद्र सरकार की पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के जिले में सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। पात्र उपभोक्ताओं को 2 किलोवाट तक के सोलर प्लांट पर किसी भी प्रकार की राशि स्वयं खर्च नहीं करनी पड़ेगी। वर्चुअल नेट मीटरिंग व्यवस्था के अंतर्गत विभिन्न गांवों में सब्सिडी राशि से सोलर प्लांट स्थापित किए जाएंगे।

### आवास योजना की समीक्षा के दौरान मैदानी कर्मचारियों को दिए कड़े निर्देश

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना में अनियमितता करने एवं कार्यो को गुणवत्ताविहीन करने की शिकायत पर दोषियों के विरूद्ध सीधे एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा योजना की समीक्षा बैठक के दौरान सभी तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सहायक एवं आवास मित्र को दिये गये। बैठक में कलेक्टर ने सख्त लहजे में कहा कि अप्रारंभ आवासों को तीन दिवस के भीतर प्रारंभ कराये, ऐसे आवास जिसके निर्माण की रूची हितग्राहियों द्वारा नहीं ली जा रही है उनके आवास की स्वीकृति को निरस्त कर प्रथम किस्त की राशि वसूली करने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पण्डरिया एवं बोड़ला को दिये गये। जनपद पंचायत बोड़ला एवं पण्डरिया में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत अप्रारंभ आवासों की ग्राम पंचायत वार समीक्षा की गई। ग्राम पंचायत चौरा, कुकरापानी, राजाढ़ार, अमनिया, केसमर्दा, कांदावानी, बिरहुलडीह, भेलकी, सेन्दुरखार, बदना सहित अन्य वनांचल क्षेत्रों में कार्य अधिक मात्रा में अप्रारंभ पाये जाने पर संबंधित तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्रों को कड़ी फटकार लगायी गई एवं चेतावनी देते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि तीन दिवस के भीतर कार्यो में प्रगती नहीं होने पर कड़ी कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। बैठक में उपस्थित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम विनय कुमार पोयाम ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत कुल 9,628 आवास स्वीकृत किये गये है तथा अब-तक 4380 आवास का निर्माण पूर्ण किया गया है। इनमें से 5248 आवास का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना शेष है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है



जनपद पंचायत पण्डरिया के ग्राम पंचायत कांदावनी, बिरहुलडीह, तेलीयापानी लेदरा, आगरपानी, बदना एवं अन्य स्थानों में आवास निर्माण का कार्य लंबित होना पाया गया जिस पर आवास मित्र एवं ग्राम रोजगार सहायक को चेतावनी देते हुए कहा गया कि जिले में माह मार्च के तक योजनांतर्गत सभी आवास का शत प्रतिशत निर्माण सुनिश्चित किया जाए क्योंकि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा इसकी समीक्षा की जा रही है। आवास का जियो टैग एवं निर्माण स्तर अनुसार किश्तो का भुगतान करने के एवज में किसी भी कर्मचारियों द्वारा राशि की मांग करने की शिकायत पाए जाने पर सीधे आरक्षी केन्द्र में प्रकरण पंजीबद्ध कर कानूनी कार्यवाही की चेतावनी दी गई। ऐसे हितग्राही जो स्थायी रूप से बाहर है आवास बनाने में रूची नहीं दिखा रहें है उनके आवास की स्वीकृति को निरस्त करने के निर्देश देते हुए कहा गया कि इनकी राशि वसूली का प्रकरण संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को प्रेषित किया जाये। आवास योजना की समीक्षा के दौरान सभी सीईओ जनपद पंचायत, कार्यक्रम अधिकारी, विकासखण्ड समन्वयक, ग्राम पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सहायक, आवास मित्र के साथ जिला पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। बैठक में उपस्थित सभी मैदानी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सीईओ विनय कुमार पोयाम ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है, यह आवश्यक है कि सभी आवासों का निर्माण समय पर किया जाये।

# भव्य शोभा यात्रा के साथ श्री रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव कथा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में 3 फरवरी से 11 फरवरी तक समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव कथा का भव्य समापन हुआ। 16वें वर्ष आयोजित इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। यज्ञाचार्य पंडित योगेश्वर दुबे (पंडरिया) एवं उपाचार्य पंडित महेश्वर द्विवेदी (कारेसरा) द्वारा विधि-विधानपूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन, पूजन एवं पूर्णाहुति संपन्न कराई गई। ब्राम्हण भोजन एवं दान-दक्षिणा के साथ यज्ञ का समापन किया गया। यह महायज्ञ गांव की सुख-शांति, समृद्धि, भाईचारे और धर्म के प्रति आस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। समापन के अंतिम दिवस पर महिलाओं द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा यज्ञ मंच से प्रारंभ होकर मां महामाया शीतला मंदिर, ब्राम्हण पारा होते हुए तालाब तक पहुंची, जहां प्रतीकात्मक गंगा स्नान किया गया। इसके पश्चात यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर विधिपूर्वक महायज्ञ का समापन किया गया। आयोजन को शांतिपूर्वक एवं सफल बनाने में समिति एवं समस्त ग्रामवासियों की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में पवन शर्मा, दिनेश पांडेय, जोतराम साहू, राम सहायक साहू, विनय शर्मा, सुरेश धुर्वे, तिलक साहू, कन्हैया साहू, मनोज साहू, जगदीश साहू, दुकलहा साहू, मणि निषाद, दिलीप सिंह चौहान, शत्रुहन गिरी गोस्वामी, रिखी साहू, डॉ. संतोष साहू, महासिंह चौहान, भगवानी साहू सहित अनेक ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा। वही ग्राम कोलेगांव निवासी दिनेश पांडे ने आयोजन में पधारे यज्ञाचार्य, उपाचार्य, अन्य पंडितों, सम्मानित नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि हुई हो तो क्षमा प्रार्थी हैं तथा भविष्य में उसे सुधारने का प्रयास करेंगे। भक्ति और उल्लास के वातावरण में हर हर महादेव के जयघोष के साथ श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव कथा का समापन हुआ।

# मनरेगा बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता प्रीति ठाकुर ने किया अनोखा कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे "मनरेगा बचाओ अभियान" के तहत ग्राम छीतापार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल, कुंडा ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर तथा यूथ कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती प्रीति ठाकुर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण महिलाओं को अभियान के उद्देश्य से अवगत कराया गया। यूथ कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती प्रीति ठाकुर ने कहा कि मनरेगा योजना गरीब एवं मजदूर वर्ग के लिए जीवनरेखा है, इसे सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में महिला जिला मजदूर अध्यक्ष उमा चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष पंडरिया घनश्याम, महिला जिला अध्यक्ष सीमा अनंत, गुरु दत्त, दिनेश कोशरिया, भारत साहू, राम अवतार, शेखर साहू, बढ़े ठाकुर, सारदा सोनवानी, पुष्पा साहू, प्रियंका सहित अन्य कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर महिलाओं को एकत्रित कर खेल-खेल के माध्यम से जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा योजना से जुड़े मुद्दों पर जागरूक रहना आवश्यक है ताकि मजदूरों को उनका अधिकार और रोजगार मिलता रहे। कार्यक्रम में कुंडा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वही कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए संगठित होकर आवाज उठाने का आह्वान किया।

# रामू ठाकुर का भारतीय बॉल बैडमिंटन टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



इंडिया इंडोनेशिया बॉल बैडमिंटन सीरिज के लिए कवर्धा के रामू सिंह ठाकुर का चयन किया गया यह चयन प्रतियोगिता दिल्ली के विकासपुरी मैदान में 7 से 9 अक्टूबर तक रखी गई थी जिसमे भारत के सभी राज्य के 173 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जिसमे चयन कर्ताओं का ध्यान कवर्धा के रामू ठाकुर पर गया और उसका चयन इंडिया इंडोनेशिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज के लिए किया गया। इंडिया इंडोनेशिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज का आयोजन यह इंडिया इंडोनेशिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज इंडोनेशिया के बाली में आयोजित की गई है जो 13 फरवरी से 19 फरवरी तक आयोजित की गई है इस प्रतियोगिता के लिए पूरे भारत से 10 बालक खिलाड़ी का चयन किया गया है जिसमें से एक छत्तीसगढ़ का खिलाड़ी रामू सिंह का चयन किया है दिनांक 10 फरवरी को रामू सिंह कवर्धा से चेन्नई के लिए रवाना हुए जिसमे परिवार सहित समाज के वरिष्ठ जन रामू की इस उपलब्धि पर कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं कवर्धा पूर्व जिला वनमंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह व सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र गुप्ता, रामकृष्ण पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल एम शारदा, प्रबंधक रामकृष्ण स्कूल आदित्य सिंह, पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी एच डी कुरैशी, पूर्व सहायक ज़िला क्रीड़ा अधिकारी श्री महोबिया, दिनेश साहू, जितेन्द्र वैष्णव, सौरभ सिंह कोच एवं सचिव अविनाश चौहान, जय किशन चौहान, राजा जोशी, रिया तिवारी ने बधाई दी।

# धार्मिक कार्यक्रमों व प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुईं भावना बोहरा

- रामकथा मन को शुद्ध कर मर्यादा, प्रेम, त्याग और कर्तव्यबोध जैसे दिव्य गुणों का संचार करती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा




विधायक श्रीमती भावना बोहरा मंगलवार को कुण्डा मंडल अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में आयोजित धार्मिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने कुण्डा में सरदार पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में चल रही सात दिवसीय दिव्य श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस में पहुंचकर कथा का अमृत रसपान किया। विधायक श्रीमती बोहरा ने कथा व्यास का पुष्पहार से स्वागत कर भगवान श्रीराम के दर्शन किए और ग्राम कुण्डा सहित समस्त क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। कथा के मध्य सरदार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा रामजी आएंगे भजन पर दी गई मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि रामकथा सुनना केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को सकारात्मकता, नैतिकता और शांति की ओर ले जाने का सशक्त माध्यम है। रामकथा मन को शुद्ध कर मर्यादा, प्रेम, त्याग और कर्तव्यबोध जैसे दिव्य गुणों का संचार करती है। रामचरितमानस का श्रवण जीवन में विश्वास और भक्ति की भावना को गहरा करता है, जिससे जीवन सार्थक बनता है। वही विधायक ने ग्राम कोलेगांव में आयोजित लक्ष्मी नारायण महायज्ञ, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोलेगांव के प्रतिभा सम्मान समारोह तथा ग्राम भगतपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में भी सहभागिता की। कार्यक्रम के संयोजक सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा ने आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए विधायक भावना बोहरा को रामायण भेंट की। कार्यक्रम के अवसर पर सुरेश दुबे, ओम यदु, दिनेश मिश्रा, जिला महामंत्री मुकेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, महामंत्री मनहरण साहू, रामाधार साहू, गीताराम साहू, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र धृतलहरे, जनपद अध्यक्ष नंदनी साहू, जनपद उपाध्यक्ष छत्रपति सानू तिवारी सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## रिक्त पदों को पहले से नहीं दिखाने से शिक्षकों में नाराजगी

**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ टीचर्स एसोसिएशन के सतत प्रयास से जिले में एलबी संवर्ग के 80 शिक्षकों को पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति दिया गया है, जिनके पदांकन के लिए दुर्ग में 12 व 13 फरवरी को कॉउंसलिंग किया जाएगा। कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग से कॉउंसलिंग का निर्देश तो जारी किया गया, लेकिन उसके साथ रिक्त पदों को नहीं दिखाये जाने पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने आपत्ति करते हुए संभाग के सभी रिक्त पदों की सूची तत्काल जारी करने की मांग किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के कहा कि संभाग में सात जिले स्थित हैं, प्रधान पाठक के रिक्त पदों को पहले से नहीं दिखाने से शिक्षकों को स्थान की स्थिति व दूरी समझने में परेशानी होगा। साथ ही पारदर्शी प्रक्रिया पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा होगा। ज्ञातव्य हो कि दुर्ग संभाग अंतर्गत ई-एल बी संवर्ग के 386 शिक्षकों को पदोन्नति का लाभ मिला है, जिसमें 80 शिक्षक कबीरधाम जिले से हैं। कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग द्वारा विगत 19 जनवरी को जारी पदोन्नति आदेश में ही पदोन्नत शिक्षकों की पदस्थापना कॉउंसलिंग के माध्यम से किये जाने का उल्लेख था, जिसके अनुसार अब कॉउंसलिंग की तिथि घोषित किया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने कहा कि पदोन्नत शिक्षकों को वर्तमान पदस्थ संस्था में पद रिक्त होने पर वहां रहने या न रहने के लिए सहमति या असहमति का विकल्प नहीं दिया गया है, जिससे 15-20 वर्षों से एक ही संस्था में पदस्थ कई इच्छुक शिक्षकों को अन्य संस्था में जाने का अवसर नहीं मिलेगा।

### समीक्षा बैठक में अधोसंरचना, सिंचाई, सड़क व योजनाओं की प्रगति पर चर्चा

# भावना बोहरा ने योजनाओं के क्रियान्वयन की परखी हकीकत



हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पंडरिया विधानसभा में हो रहे विकास कार्यों, जनता की मूलभूत सुविधाओं के विस्तार एवं शासकीय योजनाओं का सुचारू संचालन हेतु आज पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने जनपद पंचायत पंडरिया एवं नगर पंचायत पांडातराई में समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की और विकास कार्यों एवं अधोसंरचना निर्माण को गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय में पूरा करने तथा जनता द्वारा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की और जनता को उसका लाभ समय पर दिलाने एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्य करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में विधायक भावना बोहरा ने नगर एवं जनपद पंचायत अंतर्गत सभी वार्ड पार्षदों एवं जनपद सदस्यों से एक-एक कर उनके वार्ड व क्षेत्र से जुड़े प्रमुख विषयों, जनता की मूलभूत सुविधाओं, आवश्यकताओं और विकास कार्यों के बारे में चर्चा की तथा उसकी आपूर्ति हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही उनके क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति, प्रगति और शासकीय योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने जैसे विषयों पर भी संवाद किया। उन्होंने उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारीयों से ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति और उसमें तेजी लाने, नगर में स्वच्छता व सौन्दर्यीकरण के कार्यों, नगर व जनपद पंचायत अंतर्गत हो रहे सभी सड़कों के निर्माण कार्य की प्रगति व वास्तविक स्थिति के बारे में जानकारी ली और सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही नगर में पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने, तालाबों का गहरीकरण व सौन्दर्यीकरण, सुचारू विद्युत आपूर्ति के लिए ट्रांसफर्मर की उपलब्धता व रखरखाव जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा कर कार्यों की समीक्षा की और वास्तविक स्थिति से अवगत हुईं। उन्होंने विभागवार सभापतियों द्वारा अपने-अपने विभागों से जुड़े कार्यों की समीक्षा बैठक एवं मॉनिटरिंग नियमित रूप से सुनिश्चित करने की बात कही। विधायक भावना बोहरा ने बताया कि पंडरिया को एक आदर्श नगर बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। विगत वर्षों में पंडरिया नगर एवं जनपद पंचायत अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण एवं सिंचाई परियोजनाओं हेतु करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात डबल इंजन भाजपा सरकार के सुशासन में मिली है और जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है।

### 250 सीटर नालंदा परिसर निर्माण और नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग

मुख्यमंत्री द्वारा पंडरिया में 250 सीटर नालंदा परिसर निर्माण और नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग बिसेसरा से पंडरिया तक 4 लेन सड़क निर्माण कार्य की सौगात दी है जो प्रक्रियाधीन है। किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल आपूर्ति के लिए बकेला के पास हाफ नदी में बैराज परियोजना, पुल-पुलिया के निर्माण की स्वीकृति मिली है। पांडातराई को उप तहसील बनाने से प्रशासकीय एवं भू-राजस्व से जुड़े कर्यों के लिए नजदीकी सुविधा मिली है वहीं पांडातराई विद्युत कार्यालय को नवीन उप संभाग का दर्जा मिला है जिससे 48 गाँव के हजारों उपभोक्ताओं को विद्युत सम्बन्धी किसी भी कार्य के लिए बोड़ला आने-जाने की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक में नगर पंचायत पांडातराई अध्यक्ष श्रीमती सरिता सोनी, जनपद पंचायत पंडरिया अध्यक्ष श्रीमती नंदिनी साहू , नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष छत्रकिशोर तिवारी, सभी वार्ड के पार्षद, जनपद सदस्य, तहसीलदार, तथा स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग एवं अन्य विभागों के ब्लाक स्तर के अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थें।

# मछली पालन व खेतों की सिंचाई का साधन बनेगा आजीविका डबरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का उददेश्य ग्रामीणो को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ ऐसे परिसम्पत्तियों का निर्माण करना है जिससे ग्रामीण आत्मनिर्भर होकर आर्थिक गतिविधियों का संचालन कर सके। आजीविका संवर्धन की गतिविधियों से जुड़कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हुए गांव के अर्थव्यवस्था में भी सहयोग दे सके। इसी उददेश्य की पूर्ति के लिए जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पंचायत लोखान के ग्राम कमराखोल में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के दिव्यांग हितग्राही अंधरू बैगा के लिए निर्मित कराया जा रहे आजीविका डबरी सुनहरे भविष्य की नींव रखेगा। ग्राम सभा में मनरेगा अंतर्गत कराए जाने वालें कार्यो का विवरण प्रस्तुत करते हुए ग्रामीणो को अधिक से अधिक आजीविका डबरी के कार्य के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके फायदे जानकर हितग्राही अंधरू बैगा द्वारा अपने लिए आजीविका डबरी का निर्माण करने की मांग किया गया। हितग्राही पूर्व से महात्मा गांधी नरेगा योजना में जॉब कार्ड से पंजीकृत होकर कार्य करते रहें है। ग्राम सभा के द्वारा प्रस्ताव पारित कर राशि 1.05 लाख रूपये की लागत से इनके लिए आजीविका डबरी स्वीकृत कराया गया। आजीविका डबरी का कार्य प्रगति पर है जिसमें अब तक 574 मानव दिवस का रोजगार ग्रामीणों को मिला है। दिव्यांग हितग्राही अंधरू बैगा को 36 दिनों का रोजगार अपने लिए आजीविका डबरी बनाने में मिला और अभी तक राशि 9360 रूपये का मजदूरी भुगतान उनके छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक शाखा कूकदूर से प्राप्त हुआ है। अंधरू बैगा के लिए 20×20×3 मीटर का आजीविका डबरी बन कर तैयार हो रहा है, जिसमें 894 घन मीटर जल भराव होगा। इस डबरी से एक ओर जहां हितग्राही के लिए मछली पालन के साथ बाड़ी एवं खेतो की सिंचाई के हेतु जल संग्रहण उपलब्ध होगा तो वही दूसरी ओर भू-जल स्तर में वृद्धि होने से आस-पास के क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष लाभ होगा। अंधरू बैगा का आजीविका डबरी अभी पूरा होने को है लेकिन भविष्य की योजना बनाकर तैयार है। मत्स्य पालन विभाग द्वारा विभागीय अभिसरण से इन्हें अन्य योजनाओं के लाभ पहुंचाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विजय शर्मा आज जिले के प्रवास पर, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल



**हरिभूमि कवर्धा।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा 12 फरवरी गुरुवार को जिले के प्रवास पर रहेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह 8.30 बजे रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान करेंगे और सुबह 10.50 बजे कवर्धा पहुंचेंगे। यहां वे कवर्धा से बनासकांठा जाने वाली टीम के बस को समनापुर पुलिया के पास हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। तत्पश्चात सुबह 11 बजे भारत माता चौक से समनापुर पुल तक बनने वाले सड़क कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे वे कवर्धा से प्रस्थान कर 1 बजे तरेंगांव जंगल, विकासखंड बोड़ला पहुंचेंगे, जहां किसान मेला कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं दोपहर 2 बजे तरेंगांव जंगल से प्रस्थान कर 2.15 बजे ग्राम छुई पहुंचेंगे। यहां वे श्री शिवशक्ति रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ में शामिल होंगे। रात्रि 8 बजे उपमुख्यमंत्री ग्राम पथर्रा पहुंचेंगे, जहां वे अमर सिंह परिहार के यहां आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### जर्जर पीएम सड़क का रिपेयरिंग कार्य शुरू



**हरिभूमि बरबसपुर।** विधानसभा क्षेत्र कवर्धा अंतर्गत ग्राम जेवडन खुर्द से पिपरिया जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क की जर्जर व बदहाल स्थिति से जूझ रहे थें। वहीं ग्रामीणों को अब बड़ी राहत मिलने जा रही है। लंबे समय से खराब हालत में पड़ी इस सड़क पर ठेकेदार द्वारा मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। बरसात के दौरान सड़क कई स्थानों पर धंस गई थी, जिससे आवागमन बाधित हो रहा था। कीचड़ और गड्ढों के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। वहीं गर्मी के मौसम में सड़क पर धूल, मिट्टी और कंकड़-पत्थर उड़ने से राहगीरों और वाहन चालकों को दिक्कतें होती थीं। अब वर्तमान में सड़क के गड्ढों को डामरीकरण कर भरा जा रहा है और क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत की जा रही है। मरम्मत कार्य शुरू होने से ग्रामीणों और राहगीरों में खुशी का माहौल है।

## 33.11 केवी उपकेन्द्र निर्माण की रखी गई आधारशिला, 10 गांव होंगे लाभान्वित

# विजय शर्मा ने सेमो को दी 2.38 करोड़ के नवीन विद्युत उपकेंद्र की बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिले के ग्राम सेमो में 2 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 33.11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र की बड़ी सौगात दी। इस उपकेन्द्र के स्थापित होने से आसपास के 10 गांव सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे तथा लगभग 2 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और नियमित विद्युत आपूर्ति उपलब्ध हो सकेगी। ग्राम सेमो में इस महत्वपूर्ण परियोजना के तहत विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। यह उपकेन्द्र क्षेत्र में लंबे समय से बनी बिजली समस्या के समाधान के साथ-साथ विकास की नई संभावनाओं के द्वार भी खोलेगा।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा की पहल से क्षेत्रवासियों को बेहतर और स्थायी विद्युत सुविधा मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास को केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रखते हुए, गांवों और वनांचलों तक ले जाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह उपकेन्द्र न केवल बिजली की समस्या को दूर करेगा, बल्कि क्षेत्र के विकास की रफ्तार को भी तेज करेगा। लंबे समय से इस इलाके के लोगों को लो-वोल्टेज और बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होने जैसी समस्याओं से निजात मिलेगा। इस नई परियोजना के पूरा होने के बाद यह समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि इस उपकेन्द्र में 5 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाएगा तथा यहां से 3 अलग-अलग 11 केवी फीडर निकाले जाएंगे, जिससे आसपास के 10 गांव सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। इस व्यवस्था से क्षेत्र में वोल्टेज की समस्या दूर होगी, जिससे किसानों को विशेष रूप से राहत मिलेगी और कृषि कार्य के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण की जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री ने ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्या शिकायतों को सुना और उसका निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणजन और विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



### 2.38 करोड़ रुपए की लागत से होगा निर्माण

विकासखंड कवर्धा के ग्राम सेमो में नवीन 33.11 केवी विद्युत उपकेन्द्र का निर्माण कार्य प्रारंभ होने से क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी और क्षेत्रवासियों के लिए सुविधाओं का विस्तार करेगी। ग्राम सेमो में लगभग 2 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से 33.11 केवी उपकेन्द्र का निर्माण किया जाएगा। इसमें 5 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की क्षमता बढ़ेगी।

### उपभोक्ताओं को मिलेगी बेहतर बिजली

कृषि पंपों और औद्योगिक उपभोक्ताओं की संख्या लगातार बढ़ने से ऊर्जा की खपत भी तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में नए उपकेन्द्र का निर्माण क्षेत्र की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नए सब स्टेशन के निर्माण से लगभग 2 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी। इससे किसानों को सिंचाई में सुविधा मिलेगी और उनकी आय में वृद्धि होने की संभावना है।



## श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में शामिल हुईं भावना बोहरा

- क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम भगतपुर में कोमल चंद्रवंशी के निवास पर 3 से 11 फरवरी तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर भागवताचार्य पंडित मेघानंद शास्त्री द्वारा मधुर वाणी और विधि-विधान पूर्वक श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है। कथा श्रवण के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा के दौरान क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कथा स्थल पर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उन्होंने भागवताचार्य पंडित मेघानंद शास्त्री से आर्शीवाद प्राप्त कर कथा श्रवण का लाभ उठाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जैसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हैं और आपसी सद्भाव को मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम में ओम प्रकाश यदु, छत्र किशोर, सानू तिवारी, श्रीमती राजेश्वरी, महेंद्र, रामफल चंद्रवंशी, भुवन चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, कोमल चंद्रवंशी, लाला चंद्रवंशी, सुशील चंद्रवंशी, कपिल चंद्राकर, मनहरण साहू, सुधा साहू सहित आसपास के ग्रामीणजन एवं भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थें। कथा स्थल पर भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है तथा ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक आयोजन में सहभागिता निभा रहे हैं।

## भाजपा मंडल कुई-कुकदुर में जी राम जी कार्यक्रम की मंडल कार्यशाला आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

प्रदेश नेतृत्व के आह्वान एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देश पर मंडल अध्यक्ष बसंत बाटिया के मार्गदर्शन में भाजपा मंडल कुई-कुकदुर द्वारा वीबी जी राम जी कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए बैठक प्रभारी चंद्रकुमार सोनी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजपा छत्तीसगढ़ ने कहा कि वीबी जी राम जी योजना विकसित भारत-2047 के विजन से जुड़ी हुई है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण अवसंरचना-सड़क, पानी, सिंचाई-को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि बोआई एवं कटाई के समय कार्य रोकने की व्यवस्था से किसानों को सीधा लाभ मिलेगा, फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी और ग्रामीणों को बेहतर आजीविका, स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। श्री सोनी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह योजना मनरेगा की पूरक है और इसका उद्देश्य गांवों को केवल मजदूरी पर निर्भर न रखकर स्थायी विकास की ओर ले जाना है। मंडल अध्यक्ष बसंत बाटिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वीबी जी राम जी कार्यक्रम के तहत ग्रामीण परिवारों को 100 दिनों के बजाय न्यूनतम 125 दिन रोजगार, साप्ताहिक वेतन भुगतान, डिजिटल निगरानी प्रणाली-बायोमेट्रिक-आधार वेरिफिकेशन, जियो-टैगिंग, एएल आधारित डैशबोर्ड, साप्ताहिक सार्वजनिक खुलासा एवं सोशल ऑडिट जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, जिससे पारदर्शिता और भरोसा दोनों बढ़ेगा। कार्यशाला में जानकारी दी गई कि जनपद पंचायत पंडरिया अंतर्गत कुल 143 पंचायतों में से 123 पंचायतों में वीबी जी राम जी के तहत कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में 10,034 मजदूर कार्यरत हैं, पशु शेड निर्माण 6 स्थानों पर, जल संरक्षण कार्य 45 स्थानों पर, निजी डबरी निर्माण 33 स्थानों पर चल रहा है। साथ ही आवास से जुड़े कार्यों में 90 दिनों की मजदूरी को शामिल किया गया है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को निरंतर रोजगार मिल रहा है। कार्यक्रम में भास्कर देवांगन, अनुराग ठाकुर, श्रीमती सुमिर पुसाम सहित मंडल पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारी, शक्तिकेंद्र प्रभारी, संयोजक, सह-संयोजक, बूथ अध्यक्ष, सचिव, जनपद सदस्य, सरपंच, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

# बरबसपुर के ग्रामीण रहवासी 35 वर्षो से कच्ची सड़कों की मार झेल रहे

## शासन-प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बरबसपुर क्षेत्र आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन करने मजबूर है। क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा पिछले 35 वर्षो से पक्की सड़क और बेहतर आवागमन सुविधा की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। बताया जाता है कि ग्राम बीजाझोरी से बरबसपुर, डबराभाट से बरबसपुर, दौजरी से डबराभाट, नाऊडीह से घुकसा, नाऊडीह से बीजाझोरी, सारंगपुर खुर्द से पीएम मार्ग बाझीमौहा तथा सारंगपुर खुर्द से जमुनिया तक आज भी कच्ची सड़कें ही ग्रामीणों की मजबूरी बनी हुई हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार एक ग्राम पंचायत से दूसरे ग्राम पंचायत तक पहुंचने के लिए लोगों को 10 किलोमीटर तक अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। यहां बताना लाजिमी होगा कि बरसात के दिनों में इन कच्ची मार्गो की स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। कीचड़ से लथपथ सड़कों पर पैदल चलना भी कठिन हो जाता है। वहीं स्कूली छात्र-छात्राएं खेतों की मेड़ से होकर स्कूल पहुंचने को मजबूर होते हैं। वहीं गर्मी के मौसम में धूल के गुबार से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी होती है, जिससे स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। जिस पर ग्रामीणों ने क्षेत्र की आर्थिक स्थिति और विकास तब तक संभव नहीं है, जब तक सड़कों का निर्माण और बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण नहीं किया जाता। लोगों को ऐसे जनप्रतिनिधि की आवश्यकता है जो ईमानदार, संवेदनशील और मजबूत नेतृत्व वाला हो, जो जनता की समस्याओं को समझकर उन्हें प्राथमिकता के साथ हल कर सके। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान दे और वर्षो से लंबित कच्ची सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराकर क्षेत्र को बुनियादी सुविधाओं से जोड़े, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके और विकास की राह प्रशस्त हो सकें।



## निधन

### मिथलेश चंद्राकर



**हरिभूमि कुण्डा।** ग्राम कुण्डा की पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस एवं ग्राम पंचायत कुण्डा की प्रथम महिला उपसरपंच श्रीमती मिथलेश चंद्राकर का मंगलवार को संध्या लगभग 7:00 बजे स्वास्थ्यगत कारणों से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। स्व. श्रीमती मिथलेश चंद्राकर ग्राम कुण्डा के प्रतिष्ठित संतराम चंद्राकर की पुत्री तथा केशव चंद्राकर की धर्मपत्नी थीं। साथ ही सुरेश चंद्राकर एवं उमेश चंद्राकर की बड़ी बहन थीं। श्रीमती चंद्राकर सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनसेवा में सदैव अग्रणी भूमिका निभाती रहीं। उनकी अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में परिजन, ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## निधन

### लल्लू साहू



**हरिभूमि कुण्डा।** ग्राम पंचायत कुण्डा निवासी लल्लू साहू आयु 55 वर्ष का मंगलवार मध्य रात्रि 12.30 बजे स्वास्थ्यगत कारणों से आकस्मिक निधन हो गया, वे वार्ड क्र. 02 के पंच लव साहू के चाचा थें। उनका अंतिम संस्कार मुक्ति धाम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में परिवार व क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में कवर्धा के तीन खिलाड़ियों ने प्राप्त किया स्वर्ण पदक, दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सॉफ्टबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में वेस्ट जोन राष्ट्रीय स्तरीय सॉफ्टबॉल पुरुष-महिला वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन मध्यप्रदेश के उज्जैन शहर में 09 से 11 फरवरी तक आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के महिला एवं पुरुष वर्गो की टीम भी सम्मिलित हुई थी, वहीं इस प्रतियोगिता में प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से पुरुष वर्ग में भूपेंद्र गढ़े, पिंटू सिन्हा और कलेश्वर निर्मलकर कुल तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ था, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में अपना अहम योगदान दिए। अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि



खिलाड़ियों का प्रत्येक वर्ष बेसबॉल और सॉफ्टबॉल खेल में अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर चयन होता रहा है, साथ में पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रौशन करते आ रहे है, जो कि प्रदेश के साथ साथ जिले के लिए गौरव की बात है। जिस पर प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी के तीन खिलाड़ियों द्वारा वेस्ट जोन सॉफ्टबॉल सीनियर वर्ग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक लगाने के उपलक्ष्य पर नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, एकेडमी के अध्यक्ष गणेश तिवारी, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, नरेंद्र मानिकपुरी, गजराज सिंह ठाकुर, संस्थापक राजा पीयूष टाटिया, दीपक सिन्हा,अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा के चेयरमैन पवन देवांगन, वरिष्ट समाज सेवी अतुल देशलहरा, दिनेश वर्गीस, श्याम चकोर एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई व उनकी उज्जवल भविष्य की मनोकामना की।

## खरीदी केंद्र में धान उठाव कार्य जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर



जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम हरिनछपरा में धान खरीदी केंद्र से अब तेज गति से धान का उठाव किया जा रहा है। यह केंद्र पीएम सड़क नाऊडीह रोड के किनारे तथा बिजली सब स्टेशन हरिनछपरा के पास स्थित है। यहां 15 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत हुई थी, जो 31 जनवरी 2026 तक चली। इसके बाद फरवरी माह में दो दिनों का अतिरिक्त समय दिया गया, जिसमें आसपास के किसानों ने अपनी उपज बेचकर खरीदी प्रक्रिया पूर्ण की। खरीदी के दौरान केंद्र परिसर में धान से भरी बोरियों का अंबार लग गया था, जो पहाड़ जैसा दिखाई दे रहा था। अब खरीदी बंद होने के बाद प्रशासन एवं प्रबंधन द्वारा युद्ध स्तर पर धान का उठाव शुरू कर दिया गया है। इसका उद्देश्य बोरियों में भरे धान को चूहों और संभावित बारिश से होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाना है। समय पर उठाव होने से न केवल किसानों की मेहनत सुरक्षित रहेगी, बल्कि शासन और प्रबंधन को भी संभावित हानि से राहत मिलेगी। धान की बोरियों को सुरक्षित गोदामों तक पहुंचाया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की क्षति से बचाव हो सके। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा है कि समय पर उठाव से केंद्र परिसर भी खाली होगा और व्यवस्था सुचारू बनी रहेगी।

### श्री रुद्र महायज्ञ में युवाओं ने पेश की सराहनीय पहल

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

- रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव


ग्राम कोलेगांव में आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ के पावन अवसर पर 10 फरवरी 2026 को एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सामाजिक पहल में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की मिशाल पेश की। शिविर में ग्रामवासियों के साथ-साथ आसपास के श्रद्धालुओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ एवं संचालन भोरमदेव ब्लड सेंटर कवर्धा के प्रभारी योगेश चंद्रवंशी



(साइकॉलोजी काउंसलर, सोशल वर्कर एवं समाजसेवी) द्वारा किया गया। उनके मार्गदर्शन में ब्लड बैंक सुपरवाइजर सुमित, लैब तकनीशियन भरत पटेल, मुकेश जायसवाल, खेमचंद तथा नर्सिंग स्टाफ की पूरी टीम ने शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। इस अवसर पर बताया गया कि रक्तदान शिविरों के आयोजन से समाज में जागरूकता बढ़ती है और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सकता है।

रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में कुल 25 लोगों ने अपना अमूल्य समय निकालकर रक्तदान किया और रक्तदान महादान के इस पुनीत कार्य में योगदान दिया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया तथा सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## चिल्फी घाटी में तीन दिवसीय मड़ई का आयोजन



**हरिभूमि चिल्फी घाटी।** वनांचल क्षेत्र की सबसे बड़ी और सुप्रसिद्ध चिल्फी घाटी मंड़ई मेला पूरे पारंपरिक उत्साह और उमंग के साथ प्रारंभ हो गया है। तीन दिनों तक चलने वाले इस ऐतिहासिक मेले में दूर-दराज के गांवों और पहाड़ी अंचलों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे हैं, जिससे संपूर्ण क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण निर्मित हो गया है। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपरा में मंड़ई मेले का विशेष महत्व है। चिल्फी की मंड़ई न केवल आस्था और परंपरा का प्रतीक है, बल्कि यह एक प्रमुख व्यापारिक मेला भी है। यहां ग्रामीण जरूरतों के दैनिक उपयोग की वस्तुएं, कृषि उपकरण, घरेलू सामग्री, खिलौने, श्रृंगार सामग्री और हस्तशिल्प की दुकानों में जमकर खरीदी-बिक्री हो रही है। स्थानीय व्यापारी और कारीगर अपनी आकर्षक दुकानों के माध्यम से ग्राहकों को लुभा रहे हैं। मनोरंजन के लिए मेले में झूले, ढेलवा और अन्य आकर्षक साधन लगाए गए हैं, जो बच्चों और युवाओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। वहीं रात्रि में आयोजित छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम मेले की शोभा बढ़ा रहे हैं। लोकगीत, पंथी नृत्य और पारंपरिक प्रस्तुतियां दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही हैं। चिल्फी घाटी की यह मंड़ई व्यापार, मनोरंजन और संस्कृति का अद्भुत संगम बनकर पूरे वनांचल क्षेत्र को एक सूत्र में बांधने का कार्य कर रही है। यह मेला न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देता है, बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति और आपसी भाईचारे को भी सुदृढ़ करता है।